आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 16 अंक 193 • कटनी • बुधवार, 17 अगस्त, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • भाद्रपद कृष्ण पक्ष-6 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह के खिलाफ किडनैपिंग केस में अरेस्ट वारंट

**पटना, एजेंसी।** बिहार में नई सरकार के कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी होने से राजनीति गर्मा गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मामले पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि एक दिन पहले ही कार्तिकेय सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली, उस दिन उन्हें किडनैपिंग के एक मामले में कोर्ट में पेश होना था मगर वो नहीं हुए।

## गोंदिया में पैसेंजर ट्रेन मालगाड़ी की टक्कर



# 50 यात्री घायल, 13 गंभीर

**गोंदिया, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गोंदिया में बुधवार सुबह एक रेल हादसा हो गया। रायपुर से नागपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन भगत की कोठी गोदिंया में मालगाड़ी से टकरा गई। टक्कर के कारण पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी पटरी से उतर गई। हादसे में 50 से अधिक यात्री घायल हो गए। ट्ठ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 13 यात्रियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ।घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। अधिकांश यात्रियों को मौके पर ही इलाज मुहैरा करवाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। अधिकांश यात्री नींद में थे। टक्कर होते ही हड़कंप मच गया और यात्री ट्रेन से उतर गए। कुछ देर यातायात बाधित हुआ। समाचार एजेंसी ने रेलवे के हवाले से बताया है कि एक ही ट्रैक पर दोनों ट्रेनों के आने के चलते ये हादसा हुआ है। ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन आगे निकली थी। जैसे ही गोदिंया पहुंची वैसे ही वहां पीछे से आ रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि टेक्निशियन की तरफ से सही सिग्नल नहीं मिलने के कारण यह हादसा हुआ है।



## सिदरा के एक घर में छह शव मिलने से सनसनी

**जम्मू ,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर से बड़ी खबर है। जम्मू के सिदरा इलाके में एक परिवार के छह सदस्य अपने आवास पर मृत पाए गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि एक परिवार के छह सदस्य बुधवार को यहां अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए हैं। मृतकों की पहचान सकीना बेगम, उनकी दो बेटियों नसीमा अख्तर और रुबीना बानो, बेटे जफर सलीम और दो रिश्तेदारों हबीबुल्ला के बेटे नूर-उल-हबीब और फारूक के बेटे सजाद अहमद के रूप में हुई है। सिदरा इलाके में एक घर में दो शव, जबकि दूसरे घर में चार शव मिले हैं। पुलिस ने कहा कि शवों को यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भेज दिया गया है। पुलिस दल इलाके में पहुंच गए हैं। जांच शुरू कर दी गई है। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

## कार सहित बहे तहसीलदार और पटवारी

# पटवारी का शव मिला



**सीहोर, यशभारत।** सोमवार रात से लापता तहसीलदार व पटवारी की मंगलवार शाम को लोकेशन के आधार पर कर्बला पुल के पास सीवन नदी में सर्चिंग की जा रही थी, जिनका देर शाम तक कुछ पता नहीं चल सका था। बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर ग्राम छापरी में पटवारी महेंद्र रजक का शव व कार बरामद हुई है। जबकि तहसीलदार नरेंद्र ठाकुर की तलाश अभी जारी है। यहां पर यह भी बता दें कि मध्य प्रदेश तहसीलदार संघ के अध्यक्ष हैं नरेंद्र सिंह ठाकुर।मालूम हो कि जिले में पदस्थ रहे एक तहसीलदार और पटवारी सोमवार रात अपने घर से कहीं पर खाना खाने जाने की कहकर कार से निकले थे, जब वह सुबह तक नहीं लौटे तो परिजनों ने मंडी थाने पहुंच कर गुमशुदगी की रिपार्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में मंगलवार को एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। वहीं सीसीटीवी फुटेज से मिली लोकेशन के आधार पर सीवन नदी पर बने कर्बला पुल के पास सर्चिंग अभियान चलाया गया था। हालांकि देर शाम तक कुछ पता नहीं चल सका था। तहसीलदार शुगर फैक्ट्री चौराहा और पटवारी हाउसिंग कृष्णा नगर सीहोर निवासी है। तहसीलदार शाजापुर जिले की तहसील मोहनपुर बड़ोदिया में पदस्थ है, जबकि पटवारी जिले की नसरुल्लागंज तहसील में पदस्थ था। तहसीलदार नरेन्द्र सिंह ठाकुर के बेटे ने थाने जाकर उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि सोमवार की रात को तहसीलदार और पटवारी अपने दोस्त महेन्द्र शर्मा व राहुल आर्य के साथ पार्टी करने रफीकगंज स्थित दोस्त तरुण सिंह के फार्म हाउस पर गए थे। तहसीलदार और पटवारी एक कार में सवार थे।

### सिहोर में हादसा



## सीएम ने परिवार के साथ उठाया भुट्टे का लुत्फ

**भोपाल,यशभारत।** पचमढ़ी नर्मदापुरम से लौटते समय मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ भुट्टे का लुत्फ उठाया। नर्मदापुरम में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने और वीसी के बाद सीएम शिवराज भोपाल लौट रहे थे। रास्ते में बुदनी क्षेत्र में घाट सेक्शन में औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाईवे किनारे लगी भुट्टे की दुकान पर सीएम का काफिला रुका। सीएम गाड़ी से उतरे और भुट्टे की दुकान पर जाकर भूट्टा खरीदा।सीएम के साथ में पत्नी साधना सिंह, बेटे कार्तिकेय और कुणाल भी साथ थे। सीएम सिंह ने साधना सिंह को अपने हाथों से भुट्टा खिलाया। जिसके बाद सीएम ने साधना सिंह से रुपए लेकर दुकानदार को दिए। सीएम ने परिवार के साथ गर्मागरम भुट्टे का लुत्फ उठाया। बता दे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह निजी दौरे पर भोपाल से पचमढ़ी सोमवार रात को पहुंचे थे। लेकिन प्रदेश में नर्मदापुरम रायसेन सहित कई जिलों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सीएम मंगलवार को नर्मदापुरम पहुंचे।

## हिमाचल से लेकर जम्मू-कश्मीर तक कांग्रेस में अंतर्कलह

# आज लग सकता है यह बड़ा झटका





**चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस में बड़े नेताओं के बीच चल रही अंतर्कलह एक बार फिर सामने आई है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से आ रही खबरें बता रही हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को कांग्रेस आलाकमान का एक और फैसला पसंद नहीं आया और उन्होंने जम्मू-कश्मीर में प्रचार समिति का अध्यक्ष बनाए जाने के दो घंटे बाद ही पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं हिमाचल प्रदेश में कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस के दो विधायक बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं। इनमें कांग ?ा से विधायक व कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पवन काजल व सोलन जिले के नालागढ़ के कांग्रेस विधायक लखविंद्र राणा शामिल हैं। इन्हीं चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व भाजपा संगठन मंत्री पवन राणा भी दिल्ली रवाना हो गए हैं। प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप पहले से ही दिल्ली में हैं। मुख्यमंत्री की बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ भेंट होनी है। **गुलाम नबी आजाद ने छ्व्य में प्रचार कमेटी के**

पार्टी के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को कांग्रेस आलाकमान का एक और फैसला पसंद नहीं आया और उन्होंने जम्मू-कश्मीर में प्रचार समिति का अध्यक्ष बनाए जाने के दो घंटे बाद ही पद से इस्तीफा दे दिया।



## उज्जैन में पिता और 3 बेटियां ट्रेन से कटी

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन-नागदा रेलवे ट्रैक पर पिता और तीन बेटियां मालगाड़ी ट्रेन से कट गईं। चारों के शव बुधवार सुबह 11 बजे रेलवे ट्रैक पर पड़े मिले। सुसाइड नोट मिलने की वजह से आशंका सुसाइड की ही है, लेकिन पुलिस अभी जांच के बाद ही आगे कुछ कहने की बात कह रही है। परिवार गोयला बुजुर्ग (उज्जैन) का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतकों की शिनाख्त रवि पांचाल (35), उसकी बेटी अनामिका (12), आराध्या (8) और अनुष्का (7) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है रवि, बेटियों को स्कूल ले जाने के लिए घर से निकला था। मौके पर बच्चियों के स्कूल बैग और टूव्हीलर भी खड़ी मिली है। घटनास्थल नई खेड़ी से रवि का गांव गोयला बुजुर्ग 12 किलोमीटर दूर है। जीआरपी TI आरएस महाजन के मुताबिक, सुबह जानकारी मिली थी।

## अब आधार नहीं तो सब्सिडी का पैसा भी नहीं मिलेगा, IDAI का फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आधार बनाने वाली संस्था UIDAI ने आधार नहीं बनवाने वालों के लिए एक कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। यूआईडीएआई ने एक सर्कुलर जारी कर सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों को कहा है कि सभी सरकारी सब्सिडी और लाभ के लिए आधार नंबर को अनिवार्य बनाया जाए। ऐसे में यदि आपके पास आधार संख्या या नामांकन पर्ची नहीं है, तो आप सरकारी सब्सिडी और लाभों का लाभ उठाने के हकदार नहीं हो सकते हैं। जिन लोगों के पास आधार नंबर नहीं है और जो सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी और लाभों का लाभ उठा रहे हैं, उनके लिए आधार नियमों को कड़ा करने के लिए ये सर्कुलर जारी किया गया था। सर्कुलर में यह भी लिखा गया है कि देश में 99 प्रतिशत वयस्कों के पास आधार नंबर उपलब्ध है। जिसके पास आधार नंबर नहीं उनके लिए होगा ये नियम UIDAI द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, आधार अधिनियम की धारा 7 में एक मौजूदा प्रावधान है, जो एक ऐसे व्यक्ति को सुविधा प्रदान करता है, जिसके पास आधार नंबर नहीं है जब तक उनको आधार संख्या आवंटित नहीं की जाती वह आधार नामांकन पहचान (ईआईडी) संख्या / पर्ची के साथ सरकारी लाभ, सब्सिडी और सेवाओं का लाभ उठा सकता है।



## Jacqueline को ED ने 215 करोड़ रुपये ठगी केस में बनाया आरोपी

मुंबईएजेंसी। सुकेश चंद्रशेखर के 215 करोड़ रुपये की वसूली के केस में ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस फंसती नजर आ रही हैं। प्र वर्तन निदेशालय ने इस केस में जैकलीन को भी आरोपी बनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ED बुधवार को जैकलीन के खिलाफ चार्जशीट फाइल कर सकता है। बताया जा रहा है कि जैकलीन को पता था कि सुकेश चंद्रशेखर क्रिमिनल है और वसूली में शामिल था। वहीं सुकेश ने जो वसूली की उसके पैसों से जैकलीन को भी फायदा हुआ। सुकेश चंद्रशेखर केस में जैकलीन से पहले कई राउंड पूछताछ हो चुकी है।




## कातिल मां

### शवों को देख फफक पड़ा पिता, बोला-तूने ये क्या किया...

**गाजीपुर ,एजेंसी।** गाजीपुर से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। थाना इलाके के ढढनी भानमल राय गांव में पारिवारिक कलह में सोमवार सुबह मायके आई महिला ने अपने तीन बच्चों को चाय में जहर मिलाकर मार डाला। बच्चों के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया। रेवतीपुर थाना क्षेत्र के साईत बांध निवासी सुनीता देवी अपने तीन पुत्रों बब्बी उर्फ हिमांशु (11), प्रियांशु उर्फ पीयूष (8), शेरू (3) और एक पुत्री दिव्यांशु (7) के साथ रक्षाबंधन के दिन मायके ढढनी भानमल राय गांव आई हुई थी। करीब दो दिन पूर्व उसकी मोबाइल पर पति बालेश्वर यादव और देवर से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिससे वह काफी नाराज थी। जिससे उसने दोनों पुत्रों बब्बी उर्फ हिमांशु व प्रियांशु और पुत्री दिव्यांशु को चाय में जहर मिलाकर दे दिया।

## 3 बच्चों को चाय में जहर देकर मार डाला



## कई बार वादों के बाद भी नहीं जीत पाते राजनीतिक दल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त सुविधाएं और चीजें देने की स्कीमों के ऐलान पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस पर रोक नहीं लगा सकते। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुवाई वाली बेंच ने बुधवार को कहा कि अदालत राजनीतिक दलों को मुफ्त में चीजें देने की स्कीमों का ऐलान करने से नहीं रोक सकती। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह सरकार का काम है कि वह लोगों के लिए वेलफेयर के लिए काम करे। अदालत ने कहा, चचिंता की बात यह है कि कैसे जनता के पैसे को खर्च किया जाए। यह मामला काफी जटिल है। इस बात का भी सवाल उठता है कि क्या इस मसले पर कोई फैसला देने का अधिकार अदालत के पास है। चीफ जस्टिस ने कहा कि किन स्कीमों को मुफ्तखोरी की घोषणाओं में शामिल किया जा सकता है और किन्हें नहीं, यह बहुत ही जटिल मसला है।



## हंबनटोटा बंदरगाह पर दिल्ली की नजर, यूएस भी चिंतित

# भारत की जासूसी के लिए चीन ने श्रीलंका भेजे अपने जहाज ?



बैलेस्टिक मिसाइल एवं उपग्रहों का पता लगाने में सक्षम जहाज

**कोलंबो,एजेंसी।** चीन ने अपनी स्थिति साफ करते हुए मंगलवार को कहा कि उसके हाई-टेक अनुसंधान पोत की गतिविधियों से किसी भी देश की सुरक्षा प्रभावित नहीं होगी। साथ ही उसने यह भी कहा कि किसी भी तीसरे पक्ष द्वारा इसे बाधित नहीं किया जाना चाहिए। आपको बता दें कि श्रीलंका के रणनीतिक दक्षिणी बंदरगाह हंबनटोटा में चीनी जहाज की मौजूदगी को लेकर भारत और अमेरिका ने चिंता जाहिर की थी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि च्युआन वांग 5ज्‍ जहाज च्श्रीलंका की ओर से सक्रिय सहयोगज् के साथ हंबनटोटा बंदरगाह पर च्सफलतापूर्वकज् उतरा है। हालांकि, वांग ने श्रीलंका को वित्तीय सहायता देने से संबंधित एक प्रश्न को टाल दिया। आपको बता दें कि चीनी ऋण सहित 51 बिलियन अमरीकी डॉलर के विदेशी ऋ्रण ने श्रीलंका को हाल ही में दिवालिया कर दिया। बैलेस्टिक मिसाइल एवं उपग्रहों का पता लगाने में सक्षम जहाज च्युआन वांग 5ज् स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 20 मिनट पर दक्षिणी बंदरगाह हंबनटोटा पहुंचा। यह 22 अगस्त तक वहीं रुकेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन कहा कि च्युआन वांग 5ज् श्रीलंका के सक्रिय सहयोग से हंबनटोटा बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया है। हंबनटोटा बंदरगाह को बीजिंग ने 2017 में श्रीलंका से कर्ज के बदले में 99 साल के पट्टे पर ले लिया था। श्रीलंका के बंदरगाह पर पहुंचे इस पोत की प्रौद्योगिकी को लेकर भारत और अमेरिका की चिंताओं का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए वांग ने कहा, मैं फिर से जोर देना चाहता हूं कि युआन वांग 5 की समुद्री वैज्ञानिक अनुसंधान गतिविधियां अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय सामान्य प्रक्रिया के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा, वे किसी भी देश की सुरक्षा और उसके आर्थिक हितों को प्रभावित नहीं करतीं तथा उसे किसी तीसरे पक्ष द्वारा बाधित नहीं किया जाना चाहिए। श्रीलंका सरकार ने पोत में लगे उपकरणों को लेकर भारत और अमेरिका द्वारा चिंता व्यक्त किए जाने के बाद चीन सरकार से इस पोत को भेजने में विलंब करने को कहा था और अंततः उसने 16 से 22 अगस्त तक जहाज को बंदरगाह पर ठहरने की अनुमति दे दी। चीन की आधिकारिक मीडिया के अनुसार, चालक दल के 2,000 से अधिक कर्मियों वाले जहाज में उपग्रहों और बैलिस्टिक मिसाइल का पता लगाने की क्षमता है।

# विकास के ये दो काम कटनी को दिलाएंगे ख्याति

## बरगी व्यपवर्तन योजना टनल तथा ग्रेड सेपरेटर ब्रिज का काम तेज, कटनी नदी पर पुल भी जल्द बनकर होगा तैयार

**कटनी, यशभारत।** कटनी के दो बड़े निर्माण कार्य से कटनी को देश ही नहीं दुनिया में ख्याति प्राप्त होगी। कटनी में एक अजीबोगरीब टनल अर्थात सुरंग बन रही है जिससे होकर पानी निकलेगा। खास बात यह है कि इस टनल को नदी तथा एक सड़क के नीचे से बनाया जा रहा है जो अपने आप में अनूठा है। प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना बरगी व्यपवर्तन योजना जिसका निर्माण नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के चार जिलों में सिंचाई का काम होना है। जबलपुर जिले में योजना का लाभ तो मिलने लगा है, लेकिन अभी कटनी, सतना व रीवा जिला वंचित हैं। इसकी मुख्य वजह रही है कि स्लीमनाबाद के समीप सलैया फाटक व खिरहनी में भयंकर पहाड़ को काटकर सुरंग के माध्यम से टनल बनाने में देरी होना। 2008 से काम चल रहा है, लेकिन तकीनीकी खामियों के कारण योजना लेट हुई। अब तीनों जिलों लाखों किसानों के लिए राहत भरी खबर है। बाधा दूर हो गई है और अब काम द्रुत गति से चल रहा है। बता दें कि 5200 करोड़ रुपऐ का यह प्रोजेक्ट है, 3200 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार 11.95 किलोमीटर लंबी टनल पहाड़ में सुरंग बनाकर तैयार की जा रही है। अभी तक 8.7 की नहर बन गई है। 3.3 किलोमीटर का काम बाकी है, जो तेजी से चल रही है। बता दें कि 104 किलोमीटर से लेकर 116 किलोमीटर लंबाई की बनी हुई है।





### कटनी ग्रेड सेपरेटर से दौड़ेगीं ट्रेनें

जिले में देश का सबसे लंबा रेलवे ओवरब्रिज बन रहा है। इसे उड़ता जंक्शन भी कहा जा रहा है. इसे कटनी ग्रेड सेपरेटर का नाम दिया गया है. यह 676 खंभों के ऊपर बनेगा. इस रेलवे ओवर ब्रिज की प्लानिंग और तैयारी 2018 से शुरू की गई. 2020 से इसका निर्माण शुरू हुआ. (प्रभाकर सिंह) 170 खंभों के लिए पाइलिंग का काम जमीन स्तर तक पूरा हो गया है। कटनी ग्रेड सेपरेटर का भार 676 खंभों के ऊपर होगा। इस पर दिसंबर 2023 में मालगाड़ी जैसी ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। झलवारा कटंगी इलाके के पास 3 सौ खंभों का निर्माण शुरू हो चुका है। साथ ही, कटनी के मुड़वारा स्टेशन के पास ब्रिज का काम तेजी से चल रहा है। इस ब्रिज को कटनी से झलवारा रेलवे से होते हुए दमोह रेलवे लाइन के मझगांव स्टेशन तक बनाया जा रहा है. इस ब्रिज की कुल लंबाई 34.09 किलोमीटर है. डाउन लाइन में इसकी लंबाई 18.01 किलोमीटर होगी। इस ब्रिज को कटनी से झलवारा रेलवे से होते हुए दमोह रेलवे लाइन के मझगांव स्टेशन तक बनाया जा रहा है. इस ब्रिज की कुल लंबाई 34.09 किलोमीटर है. डाउन लाइन में इसकी लंबाई 18.01 किलोमीटर होगी। अप लाइन में इसकी लंबाई 16.08 किलोमीटर होगी। 3.5 किलोमीटर की रिटेनिंग वॉल का निर्माण कटंगी, झलवारा, मझगवां और मुड़वारा स्टेशन के समीप किया जाएगा। मझगवां में ग्रेड सेपरेटर एंड प्वाइंट पर न्यू मझगवां के नाम से नया स्टेशन बनेगा। गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट में अपलाइन झलवाला से आएगी और दूसरी कटंगी से आएगी। रेलवे ओवर ब्रिज में दोनों लाइनें ऊपर ही ऊपर पड़रिया फाटक के पास मिलेंगी। आरओबी में पड़रिया फाटक और बिमरौल नदी के पास जंक्शन स्थापित किए जाएंगे। इन जंक्शनों के ऊपर होने के कारण इसे उड़ता जंक्शन भी कहा जा रहा है। इसी तरह कटनी नदी पर बन रहे पुल का निर्माण भी पूर्णता की ओर है यह पुल काफी दिनों से बन रहा है लगातार व्यवधान के बाद अंततः इसका निर्माण पूरा हो रहा है।

# जन सुनवाई से शुरू हुईकलेक्ट्रेट में रौनक

**कटनी यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस मुहर्रम के अवकाश के बाद अब कलेक्ट्रेट में फिर से रौनक लौट आई है। हालांकि यह पूरा महीना अवकाश में बीतने वाला है लेकिन कल मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जन सामान्य के काम होते रहे। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्ना विभागों के संबंधित 43 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, आबकारी विभाग, आयुक्त नगर निगम, जनपद पंचायत कटनी, ढीमरखेड़ा, बड़वारा, जिला पंचायत, जिला रोजगार अधिकारी, तहसीलदार कटनी ग्रामीण, तहसीलदार कटनी शहर, तहसीलदार ढीमरखेड़ा, तहसीलदार विजयराघवगढ़, नायब तहसीलदार पहाड़ी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, विद्युत विभाग, शिकायत शाखा, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग से संबंधित आवेदनों पर डिप्टी कलेक्टर ने सुनवाई की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में योगदान के प्रति जताया आभार

**कटनी यशभारत।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाए जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को जिले में सफल बनाने में दिए गए योगदान के प्रति नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं और शासकीय कर्मियों के प्रति आभार जताया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि कटनी वासियों ने पूरे जोश और जज्बे के साथ हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग किया। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है और कटनी के युवाओं का देशभक्ति का जज्बा और अपने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान काबिल-ए-तारीफ है। श्री मिश्रा ने कहा कि यहां के पंचायत प्रतिनिधियों और नगर निगम व नगर परिषद के पार्षद, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महापौर ने पूरी लगन से हर घर तिरंगा अभियान में शिरकत किया। कलेक्टर ने कटनी खजुराहो सांसद वीडी शर्मा और जिले के विधायकों से इस अभियान में मिले सहयोग की भी सराहना की है।

# बारिश के कारण ढहे कच्चे मकान



**कटनी, यशभारत।** जिले में लगातार वर्षा होने से मकानों नुकसान पहुंच रहा है। खासकर शहर की भीतर बने पुराने और कच्चे मकानों में रहने वालों को भारी खतरा लग रहा है। रक्षाबंधन के दिन लगातार वर्षा जिले हो रही है। रिमझिम वर्षा के कारण शहर के भीतर कई जगह मकान धराशायी हो गए है। शहर में हुए हादसों को देखने मौके पर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि और पीडित लोगों को ढांढस बंधाया। जानकारी के अनुसार रिमझिम वर्षा में लगातार ग्रामीण इलाकों में भी हादसे हो रहे है। शहर में करीब 6 मकान कावसजी वार्ड में धराशायी होने से शहर में कच्चे मकानों में रहने वाले लोग दहशत में है। बताया जाता है कि कावसजी वार्ड के दुर्गा मंदिर के पास धीरज भारतीय पिता श्याम लाल भारतीय 35 वर्ष, सुमित्रा भारतीय पिता कामता प्रसाद 60 वर्ष, ममता चौधरी पिता मंजिल चौधरी 50 वर्ष, दीपक वंशकार पिता मुन्नाी लाल वंशकार, प्रमोद गोटिया पत्नी गीता गोटिया के मकानों को क्षति पहुंची है। पीडित गीता बाई ने बताया कि हम अपने बच्चों के साथ कच्चे मकान में सो रहे थे, अचानक रिमझिम वर्षा में मकान ढह गया। उनके साथ 10 साल की बच्ची घर गिरने से दब गईं। घर के सभी लोगों को तो बचा लिया गया, लेकिन गृहस्थी का पूरा सामान मलबे में दब कर बर्बाद हो गया। दो दिन से घर में खाना नहीं बना। जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। राजेश जाटव ने तहसीलदार और पटवारी को सूचना दी तो अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंचने का आश्वाशन दिया लेकिन मौके पर कोई आला अधिकारी नहीं पहुंचा।

**प्रशासन की कोई तैयारी नहीं:** शहर के अंदर वार्डो में बहुत से मकान है जो गिरने की कगार पर है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी उनकों गिराने का काम नहीं कर रहे है। पिछले दिनों हो रही वर्षा से लगातार आसपास के लोगों को भी खतरा बना हुआ है। रिमझिम वर्षा में किसी भी दिन इन मकानों के धराशायी होने की सूचना मिल सकती हैं। लेकिन प्रशासन की तरफ से इन मकानों को गिराने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। ऐसा मानना है कि अधिकारी किसी बडे हादसे के इंतजार में है।

# अटल जी ऐसे वटवृक्ष जिसकी छांव में हम सब कार्यकर्ता सदैव रहेंगे



### पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय में किया गया नमन

**कटनी,यशभारत।** अटल जी सशरीर भले ही हमारे बीच न हों किंतु वह अपने विचार प्रेरणा के रूप में वटवृक्ष की भांति हम सभी पर सदैव छाया प्रदान करते रहेंगे। आज जिला कार्यालय में भारत रत्न पंडित अटलबिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते जिला अध्यक्ष रामरतन पायल ने व्यक्त किये। जिला भाजपा कार्यालय में आज पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी को भाजपाजनों ने श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मृदुल मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, डा. खंपरिया, अविनाश गुप्ता, शिवम पांडे, आशु पटवा, अमन पांडे, अनुनय शुक्ला, ललितेश, शिवकुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# जायंट्स ग्रुप कटनी मार्बल सिटी ने किया तिरंगे झंडे का वितरण

**कटनी यशभारत।** हमारे भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इसी उपलक्ष में पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न में पूर्णता रंग चुका है। इसी देशभक्ति के रंग में सराबोर जॉइंट्स ग्रुप कटनी मार्बल सिटी ने आजादी का जश्न हर घर तिरंगा अभियान के रूप में 13 उअगस्त को मनाया। जायंट्स ग्रुप ऑफ मार्बल सिटी के सदस्य गणों ने संत नगर बस्ती में आर्थिक रूप से कमजोर एवं न्यूनतम शिक्षित वर्गो के बीच जाकर अपने देश का राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया एवं लोगों से ध्वज को सम्मान सहित अपने घरों में फहराने के लिए निवेदन किया। साथ ही ग्रुप के सदस्यों ने बस्ती के लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी दी एवं यह महोत्सव हमें क्यों मनाना चाहिए इसके बारे में जागृत किया। इस कार्यक्रम में विशेष रुप से बस्ती के पार्षद राजेश भास्कर एवं समस्त बस्ती वासियों का अतुलनीय सहयोग रहा। जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी से अध्यक्ष संचित जैन, दिलीप त्रिसोलिय , रंगेश गोयंका, सचिन गुप्ता, रजत जैन एवं प्रभांशु वैश्य सम्मिलित हुए।

# वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



**कटनी यशभारत।** देश की 75 वी वर्षगाठ पर वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री को अक्षरनदंन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदू बसरानी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सूर्यकांत पाठक, मनीष कलवानी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोला बाबू द्वारा किया गया। आभार शाला प्राचार्या श्रीमती माधवी पांडे ने किया।

# कराटे खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**कटनी,यशभारत।** ऑल इंडिया छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन कराते नेशनल चैंपियनशिप बिलासपुर में कराटे गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों को कटनी जिले के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं जिले के एसपी सुनील जैन के द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में प्रताप कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।




नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से

लालसिंह चड्डा

कलाकार- आमिर खान, करीना कपूर, नागा चैतन्य, मोना सिंह आदि।


टिकट दर

बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 5 शो ता. 11 से दोपहर 12.45, 3, 5.15, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से




रक्षाबंधन

कलाकार- अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर, सादिया खतीब, दीपिका खन्ना आदि।


Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 4 शो ता. 11 से दोपहर 12.30, 4, 7.15 एवं रात्रि 10.15 बजे से




लालसिंह चड्डा

कलाकार- आमिर खान, करीना कपूर, नागा चैतन्य, मोना सिंह आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# 3 भाजपा, 3 निर्दलीय पार्षदों को मिलाकर बनी एमआईसी

### महापौर परिसर में कांग्रेस को स्थान नहीं, पहले भाजपा के शामिल होने में भी था संदेह

**कटनी,यशभारत।** कई तरह की चर्चाओं के बीच अंततः महापौर प्रीति सूरी ने तीन भाजपा के तथा तीन निर्दलीय पार्षदों को मिलाकर 6 सदस्यीय मेयर इन काउंसिल गठित कर दी। मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 37 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्तव्य नियम 1998 के नियम 3 के अधीन मेयर इन काउन्सिल का गठन किया गया है। एमआईसी में भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के शामिल होने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था।

पहले भाजपा और कांग्रेस एमआईसी से दूरी बनाने की बात कर रहे थे, लेकिन कल सुबह से हुए घटनाक्रम में अंततः 3 भाजपा पार्षद तथा निर्दलीय पार्षदों ने एमआईसी में शामिल होने की इच्छा व्यक्त कर दी। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा गठित की गई मेयर इन काउन्सिल समिति में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग का प्रभारी सदस्य संतोष शुक्ला, बाजार विभाग का प्रभारी सदस्य श्रीमती सुमन राजू माखीजा, शिक्षा विभाग की प्रभारी सदस्य श्रीमती खुशबू अनिरूद्ध सोनी, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी सदस्य बीना संजू बैनर्जी, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभाग की प्रभारी सदस्य तुलसा गुलाब बेन तथा राजस्व विभाग का प्रभारी सदस्य का प्रभार रमेश सोनी को प्रदान किया गया। निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मेयर इन काउन्सिल समिति के सदस्यों को पुष्पगुच्छ एवं गुलदस्ता भेंट कर सदस्यों से सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन करनें व नगर विकास में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। इस दौरान निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे सहित निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों द्वारा मेयर इन काउन्सिल के सदस्यों को परिचय प्रदान किया और नगर विकास के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 17 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# रेलवे आरक्षण काउंटर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

## ऑनलाइन नीलामी के लिए जारी हुआ टेंडर, आरक्षण कराने वाले यात्रियों की घटती संख्या को देखते हुए रेलवे ने लिया निर्णय

यश भारत खास खबर

कटनी, यशभारत। आने वाले समय में रेल आरक्षण केन्द्र में प्राईवेट कर्मचारी रिजर्वेशन करते हुए नजर आएंगे। दरअसल रेलवे ने रेल आरक्षण केन्द्र को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी शुरू कर दी है और इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। जल्द ही रेल आरक्षण केन्द्र का निजीकरण हो जाएगा और यहां तैनात कर्मचारियों को अन्य विभागों में तैनात किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की है, इसमें स्टेशन से लेकर काउंटर तक मिलने वाली सुविधाओं को शामिल किया गया था। समीक्षा में रेलवे ने आरक्षण केंद्र से ट्रेनों के लिए होने वाले आरक्षण को भी शामिल किया था। कोरोनाकाल के बाद ट्रेनों में आरक्षण कराने वालों में ऑनलाइन आरक्षण कराने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। काउंटर पर आने वाले यात्रियों की कम होती संख्या को देखते हुए रेलवे ने रेल आरक्षण केन्द्र का निजीकरण करने का निर्णय लिया है।

के मुताबिक पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर समेत भोपाल और कोटा मंडल के आरक्षण केंद्रों में 12 घंटे के दौरान आने वाले लोगों की संख्या पर निगरानी रखी जा रही है। कोटा मंडल ने अपनी सीमा में आने वाले कई आरक्षण केंद्र का संचालन निजी हाथों में देनी की तैयारी शुरू कर दी है। जबलपुर रेल मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर आरक्षण केंद्र है। इनमें रेलवे के कर्मचारियों को तैनात किया गया है। कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक के बाहर बने आरक्षण केंद्र में 3 कांउटर हैं। रेलवे ने यहां पर समीक्षा करने के बाद यह यह पाया कि यहां पर आरक्षण के लिए आने वाले लोगों की संख्या में कमी हो रही है।




### 70 फीसद करा रहे ऑनलाइन आरक्षण

कोरोना काल के बाद यात्रियों ने ट्रेन में सफर करने के लिए आरक्षण काउंटर के बजाए आनलाइन कराने पर जोर दिया है। रेलवे के मुताबिक इन दिनों ट्रेन के लिए होने वाले 100 प्रतिशत आरक्षण में से 70 प्रतिशत आनलाइन आरक्षण हो रहे हैं। वहीं काउंटर पर आरक्षण कराने वालों की संख्या में कमी आई है। इनकी संख्या अब 30 प्रतिशत हो गई है। ऐसे में रेलवे ने अपने आरक्षण केंद्र और यहां पर तैनात कर्मचारियों को दूसरी जगह पर तैनात करने का काम शुरू कर दिया है।

### रेलवे बोर्ड ने जारी किए आदेश

रेलवे बोर्ड ने पहले ही आरक्षण केंद्र में आरक्षण की घटती संख्या को देखते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं। आरक्षण केंद्रों में काउंटर पर तैनात कर्मचारियों को दूसरी जगह ड्यूटी लगाने के लिए कहा गया है। इन कर्मचारियों से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की टिकट जांच करने के निर्देश दिए हैं। वहीं काउंटर की संख्या में कम करने कहा है।

### अभी यह है सुविधा

काउंटर से ली गई टिकट में रिफंड काउंटर पर आकर लेना होता हैए जबकि आनलाइन टिकट का रिफंड एकाउंट में आता है। टकट काउंटर से ली गई टिकट पर सर्विस चार्ज नहीं लगता, जबकि आनलाइन से ली गई टिकट पर सर्विस चार्ज लगता है। अभी भी कई कन्सेशन के लिए लोगों को काउंटर पर ही आना पड़ता है। आनलाइन में कई बार यह सुविधा काम नहीं करती।

# एनकेजे मार्ग के उड़े परखच्चे, परेशान हो रहे राहगीर

## परेशान रेल कर्मचारियों ने एनकेजे जीआरपी तिराहे पर दिया धरना, किया प्रदर्शन



**कटनी, यशभारत।** शहर से गायत्री नगर होते हुए एनकेजे एवं रोशन नगर को जोड़ने वाले प्रमुख रास्ते के जर्जर होने और आवागमन में रोजाना होने वाली मुश्किलों के चलते रेल कर्मचारियों द्वारा डीआरपी-जीएम का ध्यानाकर्षण कराया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्माण एजेंसी को सड़क सुधार के त्वरित निर्देश दिए गए थे। लगभग एक सप्ताह बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से गुस्साए रेल कर्मियों ने मंगलवार दोपहर एनकेजे जीआरपी चौकी तिराहा पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने एसकेपी एवं बजरिया जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया था। प्रदर्शन कर रहे डब्ल्यूसीआरएमएस पदाधिकारियों एवं रेलकर्मियों का कहना था कि लगातार होने वाली परेशानियों को देखने के बाद भी कोई कार्रवाई न किया जाना सोच का विषय है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जल्द ही अगर सुधार की दिशा में कार्रवाई नहीं होती है तो और उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मजदूर संघ के डिवीजन मंडल एस एन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष के सी रजक, संतोष यादव, अशोक कुमार पाठक, अशोक कुमार गिरी, के एन गर्ग, मिलिंद कुमार, महेंद्र कुमार, एसडी तिवारी, सुरेंद्र सिंह, उमेश चौबे, सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों की उपस्थिति रही। प्रदर्शन के दौरान रास्ता बंद रहने से एनकेजे, पड़रिया, सरसवाही, हिरवारा, कौड़िया एवं आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव के राहगीर परेशान रहे। लगभग 2 घंटे चले प्रदर्शन के बाद रेल अधिकारियों द्वारा जल्द कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर धरना समाप्त हुआ। तब जाकर आवाजाही शुरु हुई।

# अमृत महोत्सव : तिरंगे में रंगी मां जालपा



आजादी के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। केन्द्र सरकार के आव्हान पर हर-घर तिरंगा अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का आव्हान किया गया था। इसी कड़ी में शहर की प्रसिद्ध मां जालपा मढ़िया में भी मां जालपा, मां कालका एवं मां शारदा का तिरंगे की निराली छटा से श्रृंगार किया गया था।

# आजादी के अमृत महोत्सव के रंग में रंगा झूलेलाल चालीहा महोत्सव

## बालक मण्डली गोवर्धन उदासी एवं दिलीप उदासी के भक्ति संगीत कार्यक्रम में छाई देश भक्ति की छटा






**कटनी, यशभारत।** झूलेलाल चालीहा महोत्सव के अंतर्गत प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी झूलेलाल सेवा समिति व झूलेलाल चालीहा समिति द्वारा कटायेघाट में भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुत विख्यात बालक मंडली गोवर्धन उदासी व दिलीप उदासी द्वारा इस वर्षा के मौसम में अपने अमृत समान गीतों से पड़ने वाली बारिश को फीका कर दिया। इस दौरान पूरा कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव में रंग गया। सुंदर पालकी में बैठाकर भारत माता झांकी को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम में आसीन किया गया, यहां तक जो बहराणा मोदक आटे का बनाया जाता है, वह भी तिरंगे के तीन रंगों से बना था। गोवर्धन उदासी द्वारा भगवान श्री झूलेलाल के भजनों से पूरा जन सूमह नाचने पर मजबूर हो गया। कार्यक्रम में अतिथि गण, उपस्थित जन समुदाय तिरंगा हाथ में लहराकर झूमते नजर आये। कार्यक्रम में भक्ति रस तो था ही परन्तु उसमें राष्ट्र भक्ति के रस का आनंद रहा। ए वतन के लोगों, भक्ति गीत में राष्ट्रीय प्रेम का समा बांधा। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बाबा आत्माराम दरबार के संत बाबा गोपालदास व जन प्रतिनिधियों में महापौर प्रीति सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, पार्षद सुमन राजकुमार माखीजा, पार्षद ईश्वर बहरानी, पार्षद प्रियंका पैरवी, पूर्व महापौर प्रत्याशी ज्योति दीक्षित, पार्षद अवकाश जायसवाल, पार्षद शिब्बू साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचयात अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, दर्शनलाल गेई, राजकुमार नानकानी, चेतन हिन्दूजा, लक्ष्मणदास आहूजा, त्रिलोकचंद भोजवानी, गोविंद सचदेवा, अशोक मोहनानी, झम्मटमल ठारवानी, चंदू जादवानी, नानकराम खूबचंदानी, संजय संगतानी, मनीष गेई, महेश बहलानी, नेवंद खूबचंदानी, पंकज आहूजा, अमर चेतवानी, मेघराज खूबचंदानी, सुरेश गांधी, सुनील हसीजा, राजकुमार खीयानी, मनोहर लाल बजाज, लक्ष्मणदास पंजवानी, संजय खूबचंदानी, अशोक रोहरा, राजकुमार जीवनानी, राजेश खूबचंदानी, दिनेश जसवानी, मेघराज खूबचंदानी, अशोक रीझवानी, रूपेश खूबचंदानी एवं सुपर ग्रुप के समस्त सदस्य व इनके अलावा नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी गणों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में उन सामाजिक विभूतियों का सम्मान किया गया जिनके द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किये गये अनुकरणीय कार्य तथा झूलेलाल चालीहा महोत्सव में अपनी सेवायें निरंतर देते हुए आये।



### वन कर्मियों ने की रिवाल्वर वापस करने की मांग

कटनी, यशभारत। वन मंडल विदिशा परिक्षेत्र के अंतर्गत लटेरी में हुई घटना के बाद जिले के वन रक्षकों से लेकर रेंजर अधिकारियों ने बंदूक और रिवाल्वर वापस करने डीएफओ को ज्ञापन सौंपा है। अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश शासन के वन विभाग की ओर से वन अमले को दी गई सरकारी बंदूक और रिवाल्वर नाममात्र की है। हर मौसम में वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद रहने वाले कर्मचारियों को खतरा मोल लेना पड़ता है। वन अमले को दंड प्रक्रिया संहिता के तहत सशस्त्र बल घोषित नहीं किया गया है और न ही वन सुरक्षा के दौरान बंदूक चालन के संबंध में प्रोटोकाल स्पष्ट नहीं है। इन परिस्थितियों में रिवाल्वर और बंदूक दिये जाने का औचित्य प्रतीत नहीं होता। स्टेट फारेस्ट रेंज ऑफिसर्स एसोसिएशन के पत्र अनुसार शस्त्र शोपीस बने हुए हैं। आज तक अमले को दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 45 के तहत आ?र्ड फोर्स घोषित नहीं किया गया है। मप्र. पुलिस और वन विभाग की ओर से मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए कोई भी संरक्षण प्रदान नहीं किया गया है। बल्कि वन सुरक्षा के दौरान सरकारी बंदूक के चालन के दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी और वन कर्मचारियों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जा रहे हैं जिससे वन अमला हतोत्साहित है। स्वयं को असुरक्षित एवं असहज महसूस कर रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वन मंडल कटनी अंतर्गत अमले को मिली शासकीय बंदूक और रिवाल्वर जमा की जानी है। इस हेतु प्रतिवेदन वास्ते अनुमति प्रदान की जाए। पत्र में वन परिक्षेत्र बड़वारा, विजयराघवगढ़, कटनी, बहोरीबंद, रीठी, ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारियों ने ध्यानाकर्षण किया है। इसके अलावा वन विभागीय तथा मप्र. राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष का भी हवाला इस पत्र में दिया गया है।



### आनंदवाहिनी के लिए अवनीश तिवारी सहित पांच क्षेत्रीय संयोजकों की नियुक्ति

कटनी, यशभारत। पूज्यपाद जगतगुरु शंकराचार्य गोवर्धन पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित धर्म संघ पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी हिंदू राष्ट्र संघ के धर्म परायण राष्ट्र भक्तों की 11 अगस्त की राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाराज श्री के अभियान को ध्यान में रखते हुए अपना लक्ष्य निर्धारित कर हिंदुओं को संगठित करने का काम करने एवं आदित्य वाहिनी सेना का गठन करने अंर्तराष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य वाहिनी प्रेमचंद्र झा द्वारा मध्यप्रदेश आनंदवाहिनी के लिए श्रीमति तरूणा वर्मा एवं आदित्यवाहिनी के लिए 5 क्षेत्रीय संयोजकों श्यामबाबू नेमा, विजय तिवारी, विशाल शर्मा, रमेश मिश्रा एवं अवनीश तिवारी की नियुक्ति की गई है। समाज के सभी वर्गों के द्वारा अवनीश तिवारी को यह उल्लेखनीय जिम्मेदारी दिए जाने को लेकर जगदगुरु का आभार व्यक्त किया गया है।

### पीरबाबा चाका बायपास पर अब नहीं लगेगा टोल, आज समाप्त हो रही कन्सेशन अवधि

**कटनी यशभारत।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 पर पीरबाबा चाका बायपास मार्ग पर आज से टोल नाका समाप्त हो रहा है। अब यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को टोल नहीं देना होगा। लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जबलपुर के कार्यपालन यंत्री ने कलेक्टर को दिए गए पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 के किलोमीटर नम्बर 361ध्2 से 378ध्6 के मध्य बीओटी पर निर्मित कटनी बायपास परियोजना की कन्सेशन अवधि आज 17 अगस्त को समाप्त हो रही है। मुख्य अभियंता क्षेत्रीय अधिकारी ए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भोपाल के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार कंसेशन अवधि समाप्त होने के पश्चात कटनी बायपास के भाग को परियोजना की सम्पतियों सहित परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणए पीआईयू जबलपुर को हस्तांतरित किया जाना हैए जिनके द्वारा वर्तमान मे कटनी बायपास के चारलेन में चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। कल 18 अगस्त से कटनी बायपास के भाग का परियोजना की सम्पतियों सहित संधारण का कार्य परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणए पीआईयू जबलपुर द्वारा किया जावेगा।

# रेल कर्मियों ने निकाली बाइक रैली, लगाए वंदे मातरम के नारे

**कटनी, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव में भारत सरकार के अभियान घर घर तिरंगा के तहत वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ जबलपुर मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला की उपस्थिति में एनकेजे कटनी परिक्षेत्र में 75 बाइको द्वारा हम्प गेट से विभिन्न मार्गों में होते हुए रेल कॉलोनी के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन पर समापन हुआ। जिसमें भारी संख्या में कटनी की समस्त शाखाओं के पदाधिकारियोंए सदस्यों एवं रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राजकीय जीआरपी इंस्पेक्टर बलराम यादवए आरपीएफसब इंस्पेक्टर शिशिर कुमार सिन्हा सहित जीआरपीए आरपीएफ जवानों की उपस्थिति रही। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के पदाधिकारियों संतोष यादवए कैलाश चंद्र रजकए अशोक कुमार पाठकए अशोक कुमार गिरीए केएन गर्गए मिलिंद कुमारए महेंद्र कुमारए एसडी तिवारीए सुरेंद्र सिंहए उमेश चौबेए रमेश यादवए एजाज खान आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के पदाधिकारियों एवं जीआरपी व आरपीएफके इंस्पेक्टर ने वीर शहीदों को याद किया और सभी लोगों का आवान किया की इस आजादी के अमृत महोत्सव के उत्सव पर हम सब लोग घर घर तिरंगा फहराकर इस देश के वीर सपूतों को याद करें। इस तिरंगे का सम्मान करें।








## अब प्रदेश के रेंजर व वनरक्षक नहीं चलाएंगे बंदूकें

# मालखाने में कर रहे जमा

**भोपाल, । प्रदेश के रेंजर और वन रक्षक अब हथियार नहीं चलाएंगे। शासन ने इन्हें जो बंदूकें व रिवाल्वर दी हैं, उन्हें ये मंगलवार सुबह से शासकीय मालखानों में जमा करवा रहे हैं। अब तक हजारों की संख्या में रेंजर व वनरक्षक हथियार जमा कर चुके हैं। दरअसल, इन्हें वन विभाग ने हथियार तो दिए हैं, लेकिन चलाने की अनुमति नहीं दी है।**



जब ये जंगल में वन माफिया से लड़ते हैं और आत्मरक्षा में हथियार चलाते हैं तो इनके खिलाफ कार्रवाई हो जाती है। हाल ही में विदिशा के लटेरी में वनकर्मियों ने लकड़ी चोरों को पकड़ने की कोशिश की थी। जवाब में लकड़ी माफिया संगठित हो गए और इन्होंने वनकर्मियों पर हमला कर दिया था। आत्मरक्षा में वनकर्मियों ने हवाई फायर किए थे, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मामला तूल पकड़ने पर शासन ने वनकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया। वनकर्मियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की गई। इस घटना के बाद से प्रदेशभर में वनकर्मी और अधिकारी नाराज हैं। इन्होंने विभिन्न संगठनों के बैनर तले शासन द्वारा दिए गए हथियार मालखाने में जमा कराने का निर्णय लिया था।

**वन बल प्रमुख ने नहीं सुना तो खुद ही जमा कराने लगे हथियार**

हथियार जमा करने से पहले वनकर्मी और अधिकारियों ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख को जानकारी दे दी थी। स्टेट फारेस्ट रेंज आफिसर्स एसोसिएशन मप्र के अध्यक्ष शिशुपाल अहिरवार व कार्यकारिणी की ओर से इस संदर्भ में 12 अगस्त को पत्र लिखा गया था। जिसमें वन बल प्रमुख को बताया था कि वन बल को दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 45 के तहत आज तक सशस्त्र बल घोषित नहीं किया है और न ही बंदूक व अन्य हथियार चलाने के संबंध में दंड प्रक्रिया सहिता 1973 की धारा 197 के तहत कोई नियम तय किए हैं। इन सभी कारणों के चलते दी गई बंदूकें शोपीस बनी हुई हैं। जब कभी इनका उपयोग करते हैं तो उपयोग करने वालों को अपराधी बना दिया जाता है। एसोसिएशन ने वन बल प्रमुख से मांग की थी कि बंदूकों को जमा कराने संबंधी दिषा-निर्देश जारी किए जाएं। हालांकि वन बल प्रमुख ने कोई निर्देश जारी नहीं किए थे। तब भी सामूहिक निर्णय के तहत वन रक्षकों व रेंजरों ने हथियार जमा कराने शुरू कर दिया है। मप्र वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ के भोपाल जिला अध्यक्ष रामयश मौर्य का कहना है कि शासन हमसे अपेक्षा करता है कि जंगल व वन्यप्राणी सुरक्षित रहे। इसी काम में वनकर्मी और अधिकारी लगे हुए हैं लेकिन माफिया हथियारों से लैस होते हैं और वनकर्मी खाली होते हैं। जिनके पास हथियार होते हैं, वे इनका इस्तेमाल नहीं कर सकते। यदि आत्मरक्षा व जंगल की सुरक्षा के लिए हथियार का उपयोग कर लिया तो नौकरी से हाथ धोने के साथ-साथ अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। इससे अच्छा है कि हथियारों को मालखाने में जमा कर दें।

## प्रदेश में बच्चों को 10 और 16 की उम्र में भी लगेगा डिप्थीरिया का टीका

## अभियान शुरू

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश में 10 और 16 साल की उम्र वालों को टिटनेस और डिप्थीरिया का टीका लगाने की फिर से शुरुआत 16 अगस्त ( मंगलवार) से हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने राजधानी के टीटी नगर मं स्थित कमला नेहरू स्कूल से इसका शुभारंभ किया। 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में 36 लाख लोगों को टीका लगाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीका से नहीं बीमारी से डरें। उन्होंने कहा कि अन्य बीमारियों की तरह डिप्थीरिया का भी प्रदेश से उन्मूलन होगा।टिटनेस और डिप्थीरिया (टीडी) टीका राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में 2019 में शामिल किया गया था। टीका लगाने की शुरुआत भी हो चुकी थी, लेकिन मार्च 2020 में कोरोना के आने के बाद टीकाकरण रोक दिया गया था। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. संतोष शुक्ला ने बताया कि पहले डीपीटी के टीका में डिप्थीरिया व टिटनेस भी शामिल रहता था। जन्म के डेढ़, ढाई और साढ़े तीन माह के बाद 16 से 24 महीने में डीपीटी लगाया जा रहा था। इसके बाद 5 साल की उम्र में इसका बूस्टर लगाया जाता है। अब डीपीटी की जगह पेंटावैलेंट लगाया जा रहा है। इसमें डीपीटी के अलावा हेपेटाइटिस बी व हिब शामिल है।इसके बाद 10 और 16 साल की उम्र में टिटनेस का टीका लगाया जाता है। अब 10 और 16 की उम्र में टिटनेस के टीका के साथ डिप्थीरिया का टीका भी लगाया जाएगा।



# विस्टाडोम कोच में आनंददायक यात्रा की अनुभूति लें पर्यटक - मंत्री उषा ठाकुर

## जनशताब्दी एक्सप्रेस में विस्टाडोम कोच का शुभारंभ

**रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मंत्री द्वय ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**भोपाल, यशभारत।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से अत्याधुनिक विस्टाडोम का शुभारंभ किया। मंत्री द्वय ने हरी झंडी दिखाकर विस्टाडोम कोच लगी जनशताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन नं. 12061/12062) को रवाना किया। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की पहल पर भारतीय रेलवे ने मध्यप्रदेश में पर्यटकों को यात्रा का एक अनूठा अनुभव कराने के लिए विस्टाडोम कोच को सम्मिलित किया है। कोच शीशे की छत एवं कांच की बड़ी खिड़कियों से सुसज्जित है, जिससे पर्यटक अपनी सीट से पहाड़ों, घाटियों और घाटियों के लुभावने दृश्य देख पायेंगे। मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि विस्टाडोम कोच में पर्यटक सुखद, आरामदायक और आनंददायक यात्रा का अनुभव ले सकेंगे। पर्यटकों को सुरक्षित और आरामदायक पर्यटन उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विभाग नित नए नवाचार करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रा के दौरान पर्यटकों को प्रकृति के विहंगम दृश्य देखकर एक रोमांचक यात्रा अनुभव प्राप्त होगा। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि पर्यटन विभाग की सोच का परिणाम जमीन पर दिखता है। विस्टाडोम जैसे अत्याधुनिक और आरामदायक कोच से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह इतना आकर्षक है कि मैं खुद इसमें यात्रा करना चाहूंगा। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहां कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विस्टाडोम पर्यटन विभाग का नवाचार है। यह कोच प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ता है। भीमबेटका, सलकनपुर मंदिर, नर्मदा घाट, सतपुड़ा नेशनल पार्क, मड़ई, पचमढ़ी, भेड़ाघाट, मदन महल किला आदि महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल जाने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों को विस्टाडोम कोच को अपनी यात्रा में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय, प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम एस.विश्वनाथन और अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड विवेक क्षोत्रिय सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

**तन्खा ने सीएम शिवराज सिंह को लिखा पत्र**

## कारम बांध और ई-टेंडर घोटाले की सीबीआई-ईडी से जांच कराने का मांग

**भोपाल ,यशभारत। राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक पत्र लिखकर कारम बांध और ई-टेंडर घोटाले की सीबीआई-ईडी से जांच कराने का आग्रह किया है।**



श्री तन्खा ने पत्र में लिखा है कि यह चिंताजनक है कि कारम नदी पर 304.44 करोड़ की लागत वाला बांध आखिरकार पहली बारिश क्यों नही संभाल पाया। इस बांध से क्षेत्र के 50 गांवों के किसानों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन क्षेत्रीय लोगों का काफी नुकसान कर दिया। श्री तन्खा ने लिखा कि प्रदेश जानता है कि विगत कुछ वर्षो के दौरान मध्यप्रदेश में ई-टेंडर में अनाधिकृत हस्तक्षेप के माध्यम से टेंडर में छेड़छाड़ की एक परंपरा रही है, इसके बारे में सर्वप्रथम जानकारी तब सामने आई जब भारत की एक विश्व स्तर की प्रसिद्ध कंपनी जो आधारभूत संरचना और निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी है जिसने पूर्व में भी शासन द्वारा जारी किए गए ई-टेंडर की प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। किंतु असफल रहने पर जब इसके कारणों की जांच कराई तो ई-टेंडर प्रक्रिया में छेड़छाड़ सामने के टैंडर में गड़बड़ी हुई है। एक ब्लैकलिस्टेड आई। श्री तन्खा ने लिखा है कि, कारम बांध भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है। ब्लैक लिस्टेड कंपनी को बांध निर्माण का ठेका दिया गया। ब्लैक लिस्टेड कंपनी ने दूसरी ब्लैक लिस्टेड कंपनी से बांध का निर्माण कराया। सीएम हाउस के अधिकारी भी इस घोटाले में शामिल है। 2022 में विधानसभा में जल संसाधन मंत्री ने मुद्दा उठाया था। इसके बावजूद जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। तंखा ने पत्र में लिखा है कि अप्रैल 2018 में प्रदेश में ई-टेंडर घोटाला सामने आया था। उस समय ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल में छेड़छाड़ कर 3 हजार करोड़ के टेंडर में गड़बड़ी की गई थी। इस बांध का ठेका भी इसी ई-टेंडर घोटाले से जुड़ा हुआ है। 2018 में कारम बांध निर्माण का कार्य एक ब्लैक लिस्टेड कंपनी एएनएस कंस्ट्रक्शन को दिया गया था, लेकिन उसने यह कार्य खुद नहीं किया, बल्कि उसने इसे एक और ग्वालियर की एक ब्लैकलिस्टेड कंपनी सारथी कंस्ट्रक्शन को पेटीकॉन्ट्रैक्ट में दे दिया। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री ने भी 10 मार्च 2022 को विधानसभा में स्वीकार किया था कि कारम डैम प्रोजेक्ट कम्पनी द्वारा किये गए कार्य में गुणवता के साथ कितना समझौता किया गया होगा। यह बांध की हालत बयां करती है। मुझे प्राप्त जानकारी के अनुसार कारण बांध निर्माण के टैंडर में मुख्यमंत्री कार्यालय के कुछ अधिकारी भी शामिल थे यह घोटाला अन्य परंपरागत घोटालों से अलग है. क्योंकि इसमें रिश्वत पहले तय की गयी उसके बाद बचे हुए पैसों से निर्माण कार्य करवाया गया। शायद इसी बन्दर बांट का ही परिणाम था कि स्थानीय लोगो द्वारा बाँध निर्माण कार्य में घोटाले की शिकायत को लगातार नजर अंदाज किया जाता रहा। उन्होंने लिखा कि शासन स्तर पर इस घोटाले की प्रारंभिक जांच लोक निर्माण विभाग के कार्यालय द्वारा कराई गयी और प्रथम दृष्टया टेंडरिन प्रक्रिया में छेड़छाड़ सामने आयी थी। इसके शिकायतकर्ता ने इसका स्क्रीनशॉट भी अधिकारियों को उपलब्ध कराया था, जिसमे निविदा प्रक्रिया में वर्षों से चले आ रहे गड़बड़ी के खेल से करोंडों के ठेके चुनिंदा अधिकारियो द्वारा अपने चहेतों को दिए जाने की बात सामने आयी थी कुछ चहेते चिन्हित भी किये गए थे जिनको अंतत: ठेके दिए जाते थे। इन चहेतों का नाम उजागर करना भी कोई कठिन कार्य नहीं है।

# यौन शोषण के आरोपों से घिरे डीपीसी बाथम का स्थानांतरण गुनगा में कर दिया गया

**भोपाल यशभारत।** जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) राजेश बाथम का स्थानांतरण कई माह के बाद गुनगा में शासकीय उमावि के प्राचार्य पर किया गया है। इधर जिला शिक्षा अधिकारी(डीईओ) नितिन सक्सेना को डीपीसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बाथम को डीईओ कार्यालय से नवंबर 2020 में डीपीसी बनाया गया था। स्कूल शिक्षा विभाग ने डीपीसी के खिलाफ शिकायत के एक साल बाद डीपीसी के खिलाफ कार्यवाही की है। यह महिला करीब एक साल से न्याया की मांग करते हुए डीपीसी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। बता दें, कि स्कूल शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा केंद्र (डीपीसी) भोपाल में आरोपों से घिरे जिला परियोजना समन्वयक राजेश बाथम के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत करने वाली महिला को एक साल बाद भी न्याय नहीं मिल पाया है। इस मामले में अब तक डीपीसी की समिति से लेकर जेडी द्वारा बनाई गई समिति में महिला को न्याय नहीं मिल पाया है। वहीं, विभागीय जांच में मामले की लीपापोती से परेशान होकर महिला ने कोहेफिजा थाने में पुलिस को लिखित आवेदन दे दिया है। पुलिस ने भी महिला के बयान दर्ज किए हैं, लेकिन एफआइआर दर्ज नहीं की है। संभागीय संयुक्त संचालक भोपाल द्वारा बनाई गई चार सदस्यीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट राज्य शिक्षा केंद्र को सौंप दी थी। जिसमें कहा गया है कि महिला ने छेड़छाड़ के कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए है। आफिस के अन्य कर्मचारी डीपीसी के पक्ष में है। महिला द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है। महिला द्वारा कमेटी को जांच में सहयोग भी नहीं किया गया है। वहीं, कमेटी कि रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए महिला का कहना है कि जब कमरे में सिर्फ दो लोग थे। मेरे साथ छेड़छाड़ हुई है। अब इसके साक्ष्य कैसे प्रस्तुत करूं?

**यह था मामला**

पीड़ित महिला 2017 से डीपीसी कार्यालय में कार्यरत थी। महिला का आरोप है कि बाथम द्वारा उससे अश्लील हरकतें की जाती थीं। उसे देर रात तक ऑफिस में रुकने को कहा जाता था।

## मध्य प्रदेश में अभी दो दिन तक भारी वर्षा होने के आसार नहीं हैं

**भोपाल यशभारत।** भोपाल सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों को तरबतर करने के बाद अवदाब का क्षेत्र वर्तमान में राजस्थान में कोटा के पास पहुंच गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी दो दिन तक भारी वर्षा होने के आसार नहीं हैं। हालांकि वातावरण में बड़े पैमाने में नमी बरकरार रहने के कारण रुक-रुककर बौछारें पड़ती रहेंगी। उधर मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रतलाम में 28, खरगोन में 20, गुना में 16, धार में 14, उज्जैन में आठ, शिवपुरी में पांच, भोपाल में 4.8, इंदौर में 4.4, पचमढ़ी में दो, खंडवा में दो, दमोह में दो, मलाजखंड में दो ग्वालियर में 1.3, जबलपुर में एक, सागर में एक, नौगांव में एक, छिंदवाड़ा में 0.8, बैतूल में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुना पर बने अवदाब के क्षेत्र के कारण पिछले दो दिनों से रुक-रुककर तेज बौछारें पड़ रही थीं। मंगलवार को अवदाब का क्षेत्र आगे बढ़कर कोटा पहुंच गया है। मानसून ट्रफ भी अवदाब के क्षेत्र से होकर गुजर रहा है।

## छत पर झंडा लगाने के दौरान हाईटेंशन लाइन पर गिरा पाइप

# करंट से युवा डाक्टर की मौत

**जश्न का माहौल गम में बदला**

भोपाल यशभारत। राजधानी में स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का जश्न मनाने के दौरान तिरंगा झंडा लगाने के दौरान हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवा डाक्टर भी शामिल है। वह अपने निजी अस्पताल की छत पर झंडा लगा रहा था, तभी झंडे में लगा लोहे का पाइप फिसलकर हाईटेंशन करंट वाली बिजली की लाइन पर गिर गया था। हादसा अयोध्यानगर क्षेत्र में हुआ। उधर, स्टेशन बजरिया क्षेत्र में एक डेयरी संचालक झंडा लगाने के दौरान तीन मंजिल मकान से नीचे सड़क पर आ गिरा। इससे डेयरी संचालक की मौत हो गई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। अयोध्या नगर थाना पुलिस के मुताबिक 33 वर्षीय अंशिल राजन पुत्र डाक्टर राजन जोन पेशे से डाक्टर था। पहले वह पुणे में किसी अस्पताल में नौकरी करता था। वर्तमान में उसने अयोध्या नगर स्थित न्यू शारदा नगर में अपने दोस्त राम प्रजापति के साथ मिलकर स्वयं का अस्पताल खोला था। उसके डाक्टर पिता ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी में परिवार के साथ रहते हैं, जबकि अंशिल पत्नी दीपाली शर्मा और चार साल के बेटे के साथ अस्पताल की दूसरी मंजिल पर रहता था।सोमवार को सुबह से अस्पताल में आजादी के जश्न का माहौल था। सभी अस्पताल की साज-सज्जा में लगे थे। इस बीच सुबह साढ़े छह बजे अंशिल छत पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए छत पर पहुंचा। उसने 20 फीट के लोहे के पाइप में तिरंगा झंडा लगाया। इसके बाद वह पाइप को छत की मुंडेर पर बांधने की कोशिश कर रहा था।



## फिर गिरी हमीदिया के नए भवन की फाल्स सीलिंग

# मंत्री विश्वास सारंग ने लगाई निर्माण एजेंसी को फटकार

भोपाल यशभारत। हमीदिया का नया अस्पताल भवन अभी ठीक से शुरू भी नहीं हुआ है कि निर्माण कार्यों की पोल खुलने लगी है। महीने भर के भीतर दूसरी बार नए भवन में फाल्स सीलिंग गिरने की घटना हुई है। सोमवार को ब्लाक-2 की पहली मंजिल पर बने थैलेसीमिया वार्ड की फाल्स सीलिंग गिर गई। इस वार्ड में बच्चों को खून च ?ने के लिए भर्ती किया जाता है, रक्षाबंधन का त्योहार और इसके बाद स्वतंत्रता दिवस प ?ने की वजह से कोई बच्चा भर्ती नहीं था। इसके पहले निर्माणाधीन ब्लाक-ए में फाल्स सीलिंग गिरी थी। इस घटना के बाद मंगलवार दोपहर को चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश ?वास सारंग हमीदिया अस्पताल औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी पीआइयू के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होने कहा कि हमीदिया के दोनों नवीन भवनों का थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाएगा। इसके बाद अगर निर्माण करने वाली कंपनी की ओर से कोई खामी नजर आती हे तो उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराएंगे। हमीदिया अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह जब कर्मचारी इस वार्ड में पहुंचे तो फाल्स सीलिंग गिरी हुई थी। करीब 20 फीट लंबे और चार फीट चौड़े हिस्से की सीलिंग गिरी थी। इसकी जानकारी अस्पाताल का निर्माण करने वाली एजेंसी पीआइयू को दी गई, लेकिन अवकाश होने की वजह से मरम्मत नही हो पाई। अधीक्षक कार्यालय के सामने बने ब्लाक-ए अभी निर्माण एजेंसी पीआइयू से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हैंडओवर तक नहीं हुआ है, फिर भी यहां हल्की दरारें भी दिख रही हैं। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग 15 दिन पहले हमीदिया अस्पताल का दौरा करने पहुंचे थे, तब उन्होंने दोनों अस्पताल भवन में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। उन्होंने यह तक कहा था कि पीआइयू का भुगतान रोक दिया जाएगा। उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता और निर्माण कार्य में देरी को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से शिकायत की बात भी कही थी। निर्माणाधीन आइसीयू में काम ठीक नहीं होने, बिजली के तार लटके होने पर वह नाराज हुए थे। दिक्कत यह भी है कि इस तरह की घटनाओं के लिए कोई जिम्-?मेदारी लेने का तैयार नहीं होता। हमीदिया अस्पतालल प्रबंधन पीआइयू पर पर पीआइयू अस्पताल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराता है। वजह, अस्पताल के नए भवन का ब्लाक-2 हैंडओवर होने के बाद देखरेख की जिम्मेदारी अस्पताल प्रबंधन की भी हो गई है।

## निचली बस्ती से लोगों को निकाला

# भोपाल में 48 घंटे में हुई सात इंच वर्षा



भोपाल, । राजधानी में पिछले 48 घंटे में लगभग सात इंच वर्षा दर्ज की गई है। भारी वर्षा से भदभदा, कलियासोत और कोलार डैम लबालब हो चुके हैं। कलियासोत डैम के सभी 13 गेट सोमवार को खोले जाने की वजह से समरधा टोला, दामखेड़ा की निचली बस्तियों में बाढ़ के हालात बन गए। इससे यहां रहने वाले परिवारों को नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकालकर स्कूल में ठहराया है। निगमायुक्त केवीएस चौधरी ने बताया कि कलियासोत डैम से पानी छोड़े जाने के कारण दामखड़ा की निचली बस्ती में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस वजह से यहां रहने वाले 20 परिवारों को शासकीय स्कूल में ठहराया है। वहीं समरधा टोला में नदी का पानी भर जाने के कारण यहां से 50 परिवारों को सुरक्षित बाहर निकालकर उन्हें भी शासकीय स्कूल में ठहराया है। यहां सभी के लिए भोजन सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। होशंगाबाद रोड स्थित सिग्नेचर एस-9 कालोनी में छह फीट से ज्यादा पानी भर गया था। यहां रहने वाले राजाराम का परिवार फंस गया था। उसके बच्चों को तेज बुखार आ रहा था। इससे स्थानीय लोगों ने नगर निगम को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने रेस्क्यू कर बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर बैरसिया के ग्राम हिंगोनी का रास्ता बाढ़की वजह से बंद हो गया था।यहां रहने वाली 12 वर्षीय लक्ष्मी यादव की तबीयत बिगड़ रही थी। जिसे टीम ने बोट की मदद गांव से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया है।



**मोरटक्का ब्रिज से आवागमन बंद, बांधों से ज्यादा पानी छोड़ने से उफनी नर्मदा**

नर्मदा घाटी के ऊपरी क्षेत्रों में हो रही बारिश और तवा तथा बरगी बांध के गेट खुलने से नर्मदा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए इंदिरा सागर बांध के 12 और ओंकारेश्वर बांध के 18 गेटों से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा बढ़ा दी गई है। इससे ओंकारेश्वर में नर्मदा के सभी घाट जलमग्न हो गए हैं। वहीं मोरटक्का में नर्मदा नदी खतरा के निशान के नजदीक पहुंचने से प्रशासन ने इंदौर-इच्छापुरा राजमार्ग से वाहनों की आवाजाही रात साढ़े आठ बजे से रोक दी है। रात में जलस्तर का आकलन कर सुरक्षा के मद्देनजर बुधवार को छोटे वाहनों को प्रतिबंधित किया जा सकता है। जिला प्रशासन और बांध प्रबंधन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इस मानसून सत्र में पहली बार बाधों से 15 हजार क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है। बांध प्रबंधन द्वारा लगातार उद्घोषणा केंद्र के माध्यम से हाई अलर्ट की चेतावनी दी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नर्मदा नदी मोरटक्का के आसपास निचली बस्ती में भी पानी घुसने की आशंका में उसे खाली करवाया गया है। थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौर, तहसीलदार उदय मंडलोई, सीएमओ मोनिका पारधी सहित अमला लगातार बांध प्रबंधन से संपर्क कर स्थिति का जायजा ले रहा है।

## कटरा बाजार के हनुमान मंदिर में महाआरती

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में कटरा बाजार मोहल्ला के हनुमान मंदिर में हिंदू युवा जनजागरण समिति के सदस्यों द्वारा बीते मंगलवार को शाम 7 बजे से संकट मोचन हनुमान जी की महाआरती की गई। महाआरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। हिंदू युवा जनजागरण समिति द्वारा नगर के सभी हनुमान मंदिरों में हर मंगलवार और शनिवार को महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडा राजकुमार चौरसिया, बसोरी चौरासिया, सिद्धार्थ दीक्षित, वैभव, गोल्डी, शुभम चौरसिया, प्रयाग, अमन, आदर्श चौरसिया, मनीष पौराणिक, सचिन असाटी, शैवाल अरोरा, चंकी पांडे, शिवा केवट, संतोष नामदेव, त्रिलोक, अंशुल, अमन चौरसिया, ऋषि, अंकित, अस्सु चौरसिया, राजू, नितेश, आशीष, रोहित, पंकज सहित अन्य लोग सम्मलित रहे।

# कलेक्टर ने माध्यमिक शाला कछगवां देवरी में बच्चों के साथ किया भोजन





**कटनी,यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले भर के स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में सोमवार को विशेष भोज का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत कछगवां देवरी की शासकीय माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन अंतर्गत आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। विशेष भोज के अंतर्गत बच्चों को निर्धारित मीनू अनुसार पूरी, सब्जी, खीर और उसके साथ लड्डू वितरित किए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चों के साथ भोजन किया और उनकी पढ़ाई के संबंध में भी चर्चा की। साथ ही स्कूल परिसर को सुरक्षित करने के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर स्टॉफ व छात्रों ने कलेक्टर श्री मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, डीपीसी केके डेहरिया, बीआरसी विवेक दुबे, प्रधानाध्यापक दिलीप पयासी, ग्राम पंचायत सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

# रेडक्रास सोसायटी ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन





**कटनी, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर रेडक्रास सोसायटी द्वारा शनिवार को जिला अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रेडक्रास सोसायटी सहित विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने रक्तदान किया और लोगों का जीवन बचाने के लिए सभी आगे आने का आग्रह किया। सुबह से शाम तक चले शिविर में 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और 50 यूनिट ब्लड संस्था की ओर से जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जमा कराया गया। इस दौरान जन परिषद, लायंस क्लब, महाकौशल सेरेमिक, युवा जन सेवा समिति, मिलन ब्लड डोनर, महाकाल सेवा समिति सहित अन्य संस्थाओं ने सहयोग प्रदान किया। इस दौरान रेडक्रास समिति चेयरमैन सीए सुशील शर्मा, वाइस चेयरमैन लालजी शर्मा, सचिव डॉ. यशवंत वर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, पवन बजाज, अरविंद गुगालिया, गोविंद सचदेवा, अंकित जैन, राजेश श्रीवास्तव, टीनू सचदेवा, प्रशांत जैन, सुरेश सुहाने सहित अन्य जन उपस्थित थे।

**50 दानदाताओं ने किया रक्तदान, जिला अस्पताल परिसर में हुआ आयोजन**

## जीवन में धर्म कार्य अवश्य करना चाहिए : डॉ अनिल शास्त्री

### लखेरा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की असीम कृपा से स्व. पुरषोत्तम लाल गुप्ता की स्मृति में लखेरा में चल रही श्रीमद्भागवत पुराण में आज की कथा में डॉ अनिल शास्त्री ने बताया कि जिस स्थान पर भागवत कथा, देवीय कार्य होते हैं। वहां पर साक्षात भगवान का वास होता है। मनुष्य को अपने जीवन में धर्म का कार्य अवश्य करना चाहिए, जिसे अन्त समय में उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। सही मन से किया गया कार्य हमेशा सफल होता है। डॉ शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, कालिया दमन तथा गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का अवतरण धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए हुआ था। भगवान श्री कृष्ण योगीराज है। उन्होंने अनेक लीलाओं के माध्यम से जनमानस को बताया है कि विषमता में समता कैसे लाई जाती है और प्रतिकूल परिस्थितियों को कैसे अनुकूल किया जाता है। हमारे धर्म ग्रंथ हमारे जीवन पथ को अलौकित करते हैं उनका पठन-पाठन श्रवण करना हमारा नैतिक कर्तव्य हैए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं तथा भाव विभोर होकर दिव्य कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ ले रहे है।



# नगर परिषद में विजयराघवगढ़ अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** विजयराघवगढ़ में आजादी के अमृत उत्सव के अवसर पर न्यायालय तहसीलदार कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, थाना परिसर, लोकसेवा यांत्रिकी विभाग, विद्युत मंडल कार्यालय के साथ ही जनपद शिक्षा केन्द्र तथा सभी स्कूलों, कालेज मे हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। नगर परिषद में नव निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती वसुधा मनीष मिश्रा, उपाध्यक्ष हरीओम वर्मन द्वारा परिषद के सभी सदस्यों व नगर के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति मे ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगीत के साथ अमर शहीदों को याद किया गया। तदुपरांत जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष सुधा कोल ने सभी जनपद सदस्यों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में गांधी जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया।

# हर घर तिरंगा अभियान,गांव और शहर दिखा तिरंगामय







**कटनी यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में जिले भर में लोगों ने अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में पूरे उमंग व उत्साह के साथ तिरंगा फहराया। विधायक सर्वश्री संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल व प्रणय पांडेय ने भी अपने-अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। साथ ही नागरिकों से 15 अगस्त तक हर दिन तिरंगा फहराने की अपील की। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे और नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने अपने-अपने आवास में तिरंगा फहराया। कटनी शहर सहित पूरा ग्रामीण क्षेत्र तिरंगामय नजर आ रहा है। तिरंगा फहराने के मामले में वृद्ध और बुजुर्गों में युवाओं जैसा ही उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले की शैक्षणिक संस्थानों, स्कूल, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित कार्यालयों में भी तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा की बेवसाइट में फोटो अपलोड कर लोगों ने भारी उत्साह के साथ प्रशंसा पत्र डाउनलोड किया।

**नागरिकों ने उत्साह पूर्वक फहराया तिरंगा, बेवसाइट से किया प्रशंसा पत्र डाउनलोड**

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने शहीद स्मारक में किया ध्वजारोहण



**कटनी, यशभारत।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन कटनी के द्वारा प्रातः 9 बजे तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण स्वतंत्रता सेनानी माता काशी बाई सोनी के सानिध्य में गहोई वैश्य पंच परिषद के सरपंच कमलेश सुहानेए दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन एक पुरवार समाज के अध्यक्ष प्रेमकुमार पुरवार द्वारा किया गया । ध्वजारोहण के बाद दोपहर 12 बजे तक रंगारग देशभक्ति गीत एवम् डांस की प्रस्तुति स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा दी गई । जी आर पब्लिक स्कूलए गीतांजलि संगीत विद्यालय के बच्चो के अलावा और भी कई संस्थाओं के बच्चो के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया । दोपहर 12 बजे के बाद भव्य तिरंगा चुनरी यात्रा शहीद स्मारक से प्रारंभ की गई । झमांझम बारिश में आजादी के दीवाने देशभक्त उत्तराधिकारियों के साथ शहर के हजारों लोगों ने शिरकत कर चुनरी यात्रा को सफल बनाया ।जगह जगह चुनरी यात्रा का स्वागत शहर की सामाजिक संस्थाओं के द्वारा बरसते पानी में किया गया । अखिल भारतीय वैश्य सम्मेलनए ताम्रकार समाजए स्टूडेंट टेलर्सए नन्होरिया ज्वेलर के साथ शहर की जनता अपने अपने घरों से पुष्प वर्षा कर तिरंगा चुनरी यात्रा का सम्मान किया । गाजे बाजे के साथ तिरंगा यात्रा में बग्घी पर स्वतंत्रता सेनानी माता काशी बाई बिराजित रही उन्होंने सम्मान करने वालों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया । शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई चुनरी वापिस स्वतंत्रता सेनानी शहीद स्मारक में सम्पन्न हुई । स्मारक में तिरंगा चुनरी भारत माता की मूर्ति में भारत माता के जयकारे लगाते हुए चढ़ाई गई । इस अवसर पर शहर के समाजसेवा भावी डॉक्टर एच एस नेमा जी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एक सेनानी माता से आशीर्वाद ग्रहण किया । शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने उपस्थित होकर अपने उदबोधन में कहा की सेनानियों के परिजनों की हर समस्या के समाधान के लिए वे हमेशा अपना योगदान प्रदान करेंगे । कार्यक्रम में समाजसेवी राकेश लहरियाए प्रदीप पुरवारए स्वप्निल पुरवारए किशोर पुरवारए संजय जैनए कमलेश सुहानेए प्रेमकुमार पुरवारए डॉक्टर एच एस नेमा का सम्मान संस्था के द्वारा स्मृति चिन्ह एवम् अभिनंदन पत्र भेंट करके किया गया । साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को भी सम्मान पत्र दिया गया । सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल आयोजन स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन कटनी के सचिव अरविंद गुप्ता के साथ ए अजय बर्मनए आकाश ताम्रकारए प्राण नाथ शुक्लाए बंशगोपाल सिंहए अनुपम जैनए रामेश्वर तिवारीए छंगे लाल नामदेवए संतोष सिंह भट्टीए पुरुषोत्तम सोनीए संदीप पुरवारए पुन्नूलाल नामदेवए कमलेश यादवए अनिल जारए सुनील सोनीए आत्मारामए शहनाज बेगमए रानी बानोए पूनम परिहारएएकता मिश्राए अंकिता कुशवाहाए सिरातूल बीए सुनीता सोनीए खुशी शर्माए जुगनूए प्रीति यादवए रिजा खानए मीना गुप्ताए सुनीता जारएअनिता वर्माए सरस्वती सोनीए गंगा सरए अनंत तिवारी पेंसनर समाज अध्यक्षए डॉक्टर राजेश श्रीवास्तवए प्रताप सिंह राणाए प्रकाश भोमियाए अनिल ताम्रकारए निर्मल ताम्रकारए श्याम झुडेले आदि के द्वारा किया गया ।





## फर्स्ट स्टेप एकेडमी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**कटनी, यशभारत।** 75 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में संत नगर सावरकर वार्ड फर्स्ट स्टेप अकैडमी स्कूल में ध्वजारोहण किया गया। विभिन्न प्रकार के रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अद्भुत प्रस्तुतियां दी। अतिथियों के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे एवं अभिभावकों की उपस्थित रहीण् अखिल भारतीय परिषद द्वारा स्कूल के शिक्षकों वान्या लालवानीए कविता बालानीए स्वाती गुप्ताए नेहा खत्रीए संतोषी बड़गैया को पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं बच्चों द्वारा भी शिक्षकों का सम्मान किया गया। स्वतंत्रता दिवस के पावन उपलक्ष पर बच्चों को शपथ दिलाई गई तथा इसमें भविष्य में देश के प्रति अखंडताए एकता एवं संविधान की रक्षा की शपथ ली गई। शिक्षकों द्वारा वंदे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।




सौरव गांगुली का टीम इंडिया को एशिया कप के लिए संदेश

## बोले-इसे सिर्फ भारत बनाम पाकिस्तान मत देखो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे में वनडे सीरीज के अपने छोटे से असाइनमेंट के बाद भारतीय टीम एशिया कप 2022 के लिए यूएई जाएगी। चार साल के अंतराल के बाद के बाद एशियाई वर्चस्व की लड़ाई होने वाली है। 27 अगस्त से एशिया कप की शुरुआत होगी, लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 28 अगस्त को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में अपने कट्टर विरोधी टीम पाकिस्तान से भिड़ेगी।एशिया कप 2022 में भारत बनाम पाकिस्तान ब्लॉकबस्टर मैच से पहले बीसीसीआई के अध्यक्ष और भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अपनी बात रखी। गांगुली ने कहा है कि उनके लिए एशिया कप भारत और पाकिस्तान की लड़ाई नहीं, बल्कि ट्रॉफी जीतना है। भारत और पाकिस्तान पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में एक-दूसरे से भिड़े थे, जहां भारत को 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। एशिया कप को लेकर इंडिया टुडे से बात करते हुए सौरव गांगुली ने कहा, च्मैं इसे एशिया कप के तौर पर देख रहा हूं। मैं भारत बनाम पाकिस्तान के रूप में कोई टूर्नामेंट नहीं देखता। जब मैं अपने खेल के दिनों में हुआ करता था, तो भारत बनाम पाकिस्तान मेरे लिए सिर्फ एक मैच होता था। मैं हमेशा टूर्नामेंट जीतना चाहता था। भारत एक अच्छी टीम है और उसने हाल के दिनों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद है कि वह टीम एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। भारत एशिया कप सात बार जीत चुका है। अब तक खेले गए 14 संस्करणों में से भारत ने 13 सीजनों में हिस्सा लिया है और सात बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है।

# भारत से बैन हटा सकता है फीफा COA ने मान ली हैं सारी शर्तें !

**नई दिल्ली एजेंसी।** फीफा के बैन लगाए जाने के कुछ घंटे बाद ही प्रशासकों की समिति (सीओए) विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था की शर्तों के अनुसार अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनाव कराने पर सहमत हो गई है।




फीफा ने मंगलवार को भारत को करारा झटका देते हुए तीसरे पक्ष द्वारा गैर जरूरी दखल का हवाला देकर एआईएफएफ को निलंबित कर दिया और उससे 11 से 30 अक्टूबर के बीच होने वाले अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप के मेजबानी अधिकार छीन लिए। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि प्रतिबंध थोड़े समय के लिए ही हो सकता है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट से नियुक्त प्रशासकों की समिति चुनावों और नए संविधान को लेकर फीफा की लगभग सभी शर्तों को मानने के लिए तैयार है। इसलिए अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप का आयोजन अभी भारत में हो सकता है। एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई से कहा, अधिकारियों को लग रहा है कि प्रतिबंध थोड़े समय के लिए ही रहेगा और चुनाव 28 अगस्त को नहीं लेकिन 15 सितंबर (फीफा की समय सीमा) से पहले कराए जाएंगे। सीओए फीफा की शर्तों के अनुसार चुनाव कराने पर सहमत है। उन्होंने कहा ऐसी स्थिति में फीफा अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप की मेजबानी भी बचाई जा सकती है। पता चला है कि सीओए को अभी फीफा के प्रतिबंध की उम्मीद नहीं थी क्योंकि वह विश्व संस्था की जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ने के लिए तैयार थे। भारतीय फुटबॉल समुदाय को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई के फैसले का इंतजार है। सूत्रों ने बताया कि सीओए, फीफा और खेल मंत्रालय राज्य संघों के प्रतिनिधियों से बने निर्वाचक मंडल के साथ एआईएफएफ के चुनाव कराने पर सहमत हैं। अब इन चुनावों के निर्वाचक मंडल में 36 प्रख्यात खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया जाएगा। इससे पहले निर्वाचन अधिकारी ने जिन 36 खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की थी उनमें शब्बीर अली, मनोरंजन भट्टाचार्य, प्रशांत बनर्जी, आईएम विजयन और बाईचुंग भूटिया भी शामिल हैं।पांच प्रतिष्ठित खिलाड़ी (तीन पुरुष और दो महिला) हालांकि प्रस्तावित 22 सदस्यीय कार्यकारी समिति के सदस्य बन सकते हैं और उन्हें मतदान का अधिकार होगा।

वनडे सीरीज से पहले भारत के युवा खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

# गिल को समझाते दिखे ईशान किशन

**हरारे, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरुआत से पहले भारतीय टीम के युवा खिलाड़ी जमकर अभ्यास कर रहे हैं। मंगलवार के दिन भी टीम इंडिया ने नेट्स में जमकर पसीना बहाया। बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों के अभ्यास की तस्वीरें शेयर कर बताया है कि टीम इंडिया वनडे सीरीज के लिए तैयार हो रही है और खिलाड़ी लय में लौट रहे हैं। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन वनडे मैच की सीरीज 18 से 22 अगस्त के बीच खेली जाएगी। सीरीज के तीनों मैच हरारे के मैदान पर होंगे।





शिखर धवन ने भी वनडे सीरीज से पहले जमकर मेहनत की और खुद को तैयार किया। धवन अब भारत की टेस्ट और टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं। वो सिर्फ वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। इससे पहले उन्होंने वेस्टइंडीज में टीम इंडिया की कप्तानी की थी और इस सीरीज में भी पहले उन्हें कप्तान बनाया गया था, लेकिन बाद में लोकेश राहुल को कप्तानी दे दी गई। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने भी जमकर अभ्यास किया और नेट्स में बड़े शॉट खेले। संजू ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में काफी प्रभावित किया था और वो आईपीएल 2022 के बाद से भारतीय टीम का हिस्सा बने रहे हैं। इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर सैमसन टीम में अपनी जगह बेहतर कर सकते हैं। अभ्यास सत्र के दौरान शिखर धवन और दीपक हुड्डा जैसे खिलाड़ी मस्ती करते हुए भी नजर आए। दीपक हुड्डा ने भी पिछले कुछ महीनों में शानदार खेल दिखाया है और भारतीय टीम में मजबूती के साथ अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। अभ्यास सत्र के दौरान ईशान किशन ने भी जमकर अभ्यास किया। उन्होंने बड़े शॉट खेले। किशन के लिए यह सीरीज बेहद अहम है। वो साल की शुरुआत में श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ कुछ खास नहीं कर पाए थे। इसके बाद सीनियर खिलाड़ियों की मौजूदगी में उन्हें बेंच में बैठना पड़ा है। इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर वो अपना दावा मजबूत कर सकते हैं। अक्षर पटेल और शिखर धवन अभ्यास सत्र को दौरान साथ नजर आए। दोनों की दोस्ती काफी अच्छी है और ये दोनों आईपीएल में लंबे समय तक दिल्ली के लिए साथ खेले। हालांकि, अब शिखर धवन पंजाब की टीम में आ चुके हैं, जो अक्षर की पुरानी टीम है। अभ्यास सत्र के दौरान कोट लक्ष्मण ने खिलाड़ियों को समझाइश दी। वो दूसरी बार भारतीय टीम के कोच के रूप में विदेशी दौरे पर गए हैं। इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैचों की सीरीज के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई थी। लोकेश राहुल ने भी अभ्यास सत्र में जमकर मेहनत की। उनके लिए यह सीरीज बेहद अहम है। उन्होंने आईपीएल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है और सर्जरी के बाद लंबे समय तक मैदान से दूर रहे थे। वो दो महीने बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर रहे हैं और एशिया कप से पहले लय में लौटने के लिए यह सीरीज बेहद अहम है। अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी आपस में भी भात करते नजर आए। ईशान किशन, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़ और मोहम्मद सिराज ने भी साथ बैठकर कुछ चर्चा की। इस दौरान किशन ने शुभमन गिल को कुछ समझाइश दी।

## CWG 2022 में पदकों का चौका लगाने वाले अचंता शरत कमल अभी नहीं लेंगे संन्यास

नई दिल्ली एजेंसी। उम्र के साथ प्रदर्शन के मामले में और निखरते जा रहे टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल खेल को अलविदा कहने से पहले ओलंपिक पदक जीतना चाहते हैं और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन ने उनका हौसला बुलंद कर दिया है। 40 वर्ष के शरत ने बर्मिंघम खेलों में चार पदक जीते। उन्होंने मिश्रित युगल में स्वर्ण जीता और 16 साल बाद एकल स्वर्ण भी अपने नाम किया। पिछले दो दशक से खेल रहे शरत का अभी संन्यास का इरादा नहीं है और ओलंपिक पदक जीतने के लिये दो साल और खेलना चाहते हैं।




शरत कमल ने एजेंसी से कहा ,राष्ट्रमंडल खेलों में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अच्छा लगा। इस बार मैने चार पदक जीते। फिटनेस सफलता की कुंजी है और मैं खुद को फिट रखने के लिये काफी मेहनत करता आया हूं। मैं हमेशा अपने शरीर और दिमाग को फिट रखना चाहता हूं क्योंकि युवाओं में काफी फुर्ती है और मुझे उनसे मुकाबला करना है। राष्ट्रमंडल खेलों में 13 और एशियाई खेल 2018 में दो कांस्य पदक जीत चुके शरत ने कहा ,पदक जीतने की भूख अभी भी है। मैं हमेशा बेहतर प्रदर्शन करना चाहता हूं। अभी दो साल के बारे में सोच रहा हूं। पेरिस ओलंपिक में हम टीम स्पर्धा के लिये क्वालीफाई करके पदक जीत सकते हैं। यह प्रक्रिया है। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद एशियाई खेल और फिर ओलंपिक। भारत के सबसे कामयाब टेबल टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि भारत में इस खेल का परिदृश्य बदल गया है। उन्होंने कहा ,देश में टेबल टेनिस की लोकप्रियता बढी है और मुझे खुशी है कि हम अपने प्रदर्शन से आने वाली पीढी को प्रेरित कर सकें है। पहले मेरी रैंकिंग 130 थी जो अब 38 है और साथियान की रैंकिंग 36 है । हमारे पास इतनी ऊंची रैंकिंग वाले खिलाड़ी कभी नहीं थे।

# विज्ञापन पुष्पा द रूल से आरसी 15 तक, पैन इंडिया फिल्मों से है केजीएफ 2 जैसी बंपर कमाई की उम्मीद





**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड में इन दिनों फ्लॉप फिल्मों का दौर चल रहा है। हिंदी की लगातार एक के बाद एक फिल्में फ्लॉप हो रही हैं। वहीं कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनकी कहानी भले ही अच्छी हो लेकिन फिर भी किसी न किसी वजह से दर्शक उन्हें नकार दे रहे हैं। वहीं इस साल साउथ के सितारे आसमान छू रहे हैं। उनकी ज्यादातर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बिखेर रही हैं। केजीएफ 2 और आरआरआर ने तो बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का कलेक्शन किया था। वहीं बाहुबली 2 भी कमाई के मामले में काफी बेहतरीन साबित हुई थी। तो चलिए आपको बताते हैं कि अब जो पैन इंडिया फिल्में आने वाली हैं क्या वो केजीएफ 2 और बाहुबली 2 के मुकाबले कमाई कर पाएंगी या नहीं।

### पुष्पा- द रूल

साल 2021 के अंत में आई अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा ने हिंदी के दर्शकों अपनी ओर खूब आकर्षित किया था। इस फिल्म के गाने और डायलॉग आज भी पसंद किए जाते हैं। इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा- द रूल भी आ रहा है। पहले पार्ट ने करीब 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। ऐसे में पुष्पा 2 से भी शानदार कमाई की उम्मीद की जा रही है।

### सालार

केजीएफ 2 के निर्देशक एक बार फिर अपनी शानदार फिल्म सालार लाने की तैयारी में हैं। 200 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म में बाहुबली अभिनेता प्रभास के साथ श्रुति हासन मुख्य भूमिका में हैं। अटकलें हैं कि इस फिल्म को दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा। हालांकि प्रभास की पिछली फिल्म राधे श्याम फ्लॉप रही है। ऐसे में इस फिल्म से हिट की उम्मीद है।

### आदिपुरुष

आदिपुरुष रामायण पर आधारित एक पौराणिक फिल्म है। इस फिल्म में प्रभास, सैफ अली खान और कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं। ओम राउत इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। ये भी एक पैन इंडिया फिल्म है, इसलिए इसके भी सुपरहिट होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

### पीएस- 1

ऐश्वर्या राय अभिनीत ये फिल्म करीब 500 करोड़ रुपये के बड़े बजट की है। इस फिल्म का निर्माण मणिरत्नम कर रहे हैं। ये फिल्म भी दो पार्ट में आने वाली है। फिल्म की शूटिंग ओरछा के 16वीं और 17वीं सदी के महलों और मंदिरों में हुई है। कुछ समय पहले फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म को भी दर्शक पसंद करेंगे।

### आरसी 156

साउथ के सुपरस्टार अपनी अगली फिल्म आरसी 15 में बहुत जल्द नजर आने वाले हैं। आरआरआर की सफलता के बाद ये उनकी बिग बजट फिल्म होने वाली है। हालांकि इससे पहले चिरंजीवी के साथ वह आचार्य में नजर आए थे, हालांकि वह फिल्म बुरी तरीके से फ्लॉप हो गई थी। ऐसे में आरसी 15 से हिट होने की उम्मीद की जाती है।

बायकॉट ट्रेंड पर एकता कपूर ने दिया दो टूक बयान

## कहा- नहीं हो सकता आमिर खान का...

मुंबई। उजेंसी। एक तरफ फिल्म, रिलीज के छह दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखा पा रही है। वहीं दूसरी तरफ, सोशल मीडिया पर अब भीबायकॉट आमिर खानज्, बायकॉट लाल सिंह चड्ढाज् और बायकॉट बॉलीवुड का ट्रेंड जारी है। इसी बीच एकता कपूर ने बायकॉट ट्रेंड पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बायकॉट ट्रेंड पर बात करते हुए एकता ने कहा, यह बहुत अजीब है कि हम उन लोगों का बहिष्कार कर रहे हैं जिन्होंने सबसे अच्छा बिजनेस दिया है। इंडस्ट्री के सभी खान (शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान), और विशेष रूप से आमिर खान लीजेंड हैं। हम उनका बहिष्कार नहीं कर सकते। आमिर खान का कभी बहिष्कार नहीं किया जा सकता।





### फिल्म की रिलीज से पहले आमिर खान ने कहा था...

फिल्म बहिष्कार के आह्वान का जवाब देते हुए, आमिर ने रिलीज से पहले कहा था, अगर मैंने किसी को किसी भी तरह से चोट पहुंचाई है, तो मुझे इसका खेद है। मैं किसी को चोट नहीं पहुंचाना चाहता। अगर कोई फिल्म नहीं देखना चाहता है, तो मैं उनकी भावना का सम्मान करूंगा।

### रिलीज के बाद बड़ी मुश्किलें

बता दें कि फिल्म की रिलीज से दो साल पहले से ही सोशल मीडिया पर लाल सिंह चड्ढाज का बायकॉट करने का आह्वान किया जा रहा है। हालांकि, सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद से आमिर खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली के एक वकील ने लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान, पैरामाउंट पिक्चर्स (निर्माता) और कई अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर भारतीय सेना का अपमान करने और हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। फिल्म में करीना कपूर, मोना सिंह और नागा चैतन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम हुई लाल सिंह चड्ढा

लाल सिंह चड्ढा ने बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक प्रदर्शन किया है। अपने शुरुआती सप्ताहांत में फिल्म 50 करोड़ रुपये तक का आंकड़ा पार नहीं कर सकी। सोमवार के मुकाबले मंगलवार के दिन लाल सिंह चड्ढाज की कमाई में पूरे 75 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है, जो मेकर्स के लिए काफी खराब संकेत है। इस फिल्म ने मंगलवार यानी अपने छठे दिन पर लगभग 2.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## 'दीया और बाती हम' की एक्ट्रेस ने खुद से की शादी, सिंदूर-मंगलसूत्र के साथ फोटो शेयर कर दिया झटका

मुंबई, एजेंसी। गुजरात की क्षमा बिंदु की खुद से शादी करने की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं और लोगों को हैरान भी कर दिया था। वहीं, अब मनोरंजन जगत से भी ऐसे ही खबर सामने आ रही है।दीया और बाती हम फेम एक्ट्रेस कनिष्का सोनी ने खुद से शादी रचा ली है और इस बात की घोषणा उन्होंने अपने जन्मदिन के मौके पर की। कनिष्का ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कर अपनी खुशी का इजहार किया है।



दरअसल, कनिष्का सोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट अपनी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह गले में मंगलसूत्र और मांग में सिंदूर लगाए नजर आ रही हैं। इसके साथ ही कनिष्का ने एक लंबा चौड़ा मैसेज भी लिखा है, जिसे देखकर सभी हैरान रह गए। अभिनेत्री की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं और हर जगह उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं।

सितारों ने खुले दिल से किया इस्तकबाल

# 'गेम ऑफ थ्रोन्स' दो सदी पहले की महागाथा

**मुंबई ,एजेंसी।** एचबीओ की सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन जॉर्ज आर आर मार्टिन की किताब 'फायर एंड ब्लड' पर आधारित है जिसमें हाउस ऑफ टार्गेरियन के इतिहास को दर्शाया गया है। यह कहानी 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित करने वाली घटनाओं से 200 साल पहले की हैं। ये 10 एपिसोड की सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 22 अगस्त से हर सोमवार प्रसारित होनी शुरू हो रही है। मुंबई में आयोजित इस सीरीज के प्रीमियर पर हिंदी मनोरंजन जगत के सितारों ने खुलकर सीरीज के किरदारों का परदे पर स्वागत किया। प्रीमियर के दौरान दिखाए गए एपिसोड से हर कोई अचंभित नजर आया।



सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन में विसरीज के भाई डेमन टार्गेरियन का किरदार निभाने वाले अभिनेता मैट स्मिथ का काम अभिनेता जिम सर्भ को बहुत ही प्रभावशाली और दिलचस्प लगा। इस सीरीज में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो डेनम को उत्तराधिकारी के रूप में देखना चाहते है। जिम सर्भ कहते हैं , डेमन की यात्रा देखना काफी रोमांचक होगा। अंतत: सिंहासन की लड़ाई के लिए निर्णय लेने वाला हाशिये पर पहुंचा भाई मुझे तो रोमांचक लगता है। वहीं एम्मा डी आर्सी द्वारा निभाया गया राजकुमारी रेनेरा टार्गेरियन का किरदार भी कई लोगों को बहुत पसंद आया। कई लोग उस तरह की भूमिका निभाना चाहते थे। कास्टिंग डायरेक्टर और अभिनेता अभिषेक बनर्जी कहते हैं, राजकुमारी रेनेरा टार्गेरियन का किरदार मुझे बहुत पसंद आया। मैं अनुमान लगा सकता हूं कि वह श्रृंखला में बहुत कुछ करेगी और जब एक महिला शक्तिशाली पुरुषों के बीच एक नेता बन जाती है, तो बहुत सारी चीजें ऐसी भी होती हैं, जिन पर सहसा यकीन नहीं होता। वैसे देखा जाए तो हाउस ऑफ द ड्रैगन के सभी किरदार एक से ब ?कर एक है। लेकिन यादातर लोगों को राजकुमारी रेनेरा का ही किरदार पसंद आया। प्राजक्ता कोली के मुताबिक, हाउस ऑफ द ड्रैगन के शक्तिशाली ड्रैगन की वह दीवानी रही हैं।

# बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

## तीन मोटर सायकल बरामद, ढीमरखेड़ा पुलिस को मिली सफलता

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा पुलिस को वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ने में सफलता मिली है। पूछताछ के बाद दोनों के कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी गई तीन मोटर सायकलों को बरामद करने में भी सफलता मिल गई है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि 12 एवं 13 अगस्त की दरमियानी रात थाना क्षेत्र के ग्राम बांध निवासी मनीष कुमार पिता रामदयाल पटेल के आंगन में खड़ी मोटरसायकल क्रमांक एम.पी.21एमएन-7303 व बलराम प्रसाद पिता प्रभु दयाल पटेल के आंगन में खड़ी मोटरसायकल क्रमांक एम.पी.20एमआर-8656 को अज्ञात आरोपियों ने पार कर दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की तो पुलिस को सफलता मिल गई। पुलिस ढीमरखेड़ा, उमरियापान, स्लीमनाबाद, सिहोरा व जबलपुर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए चोरों के पास तक पहुंच गई। पुलिस बाइक चोरी के आरोप में जबलपुर जिले के खमरिया थाना अंतर्गत सोनपुर क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय अनिल यादव पिता भोलाराम यादव व उसके साथी ग्राम बांध निवासी 30 वर्षीय अमर सिंह गौड़ पिता विशंभर सिंह को जबलपुर से गिरफ्तार कर ढीमरखेड़ा लाई। इस दौरान आरोपी अनिल यादव के घर से चोरी गई दोनों मोटरसायकलों को भी बरामद कर लिया। साथ ही आरोपियों से एक बिना नंबर की काले रंग की हीरो मोटरसायकल भी जप्त की गई है, जिसके वाहन स्वामी एवं घटनास्थल का पुलिस द्वारा पता किया जा रहा है।



### नशे की लत ने बनाया चोर

पुलिस की गिरफ्त में आए मोटरसायकल चोर अनिल यादव ने पूछताछ में कि उसकी चोरी एवं नशे की आदतों से परेशान होकर उसके पिता ने जबलपुर से ग्राम बांध में रहने वाले नाना-नानी के यहां एक माह पहले भेजा था, जहां उसने सहआरोपी अमर सिंह गौड़ निवासी बांध के साथ मिलकर रात्रि में घर के बाहर आंगन में खड़ी मोटरसायकल चोरी की। आरोपियों द्वारा रातोंरात चोरी की गई मोटरसायकल जबलपुर में खमरिया थाना अंतर्गत सोनपुर स्थित अपने घर में ले जाकर रख दी गई एवं चोरी की मोटरसायकल बेचने के फिराक में थे। इस बीच पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों से एकत्र जानकारी के आधार पर आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर अन्य मोटरसायकल चोरियों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में बाइक चोर गिरोह को पकड़ने में ढीमरखेड़ा थान प्रभारी अरविंद जैन, सहायक उपनिरीक्षक जयचंद उइके, मनोज कुडापे, आरक्षक पंकज सिंह व मंजय यादव की भूमिका रही।

# उत्कृष्ट विवेचना के लिए सम्मान

## कटनी के 6 पुलिस अधिकारियों सहित जबलपुर जोन के 52 विवेचकों का आईजी ने किया सम्मान

**कटनी, यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर चिन्हित अपराधों की उत्कृष्ट विवेचना कर आरोपियों को सजा दिलाने वाले जबलपुर जोन के 5 जिलों क्रमशः जबलपुर, कटनी, छिंदवाडा, सिवनी एवं नरसिंहपुर के 52 विवेचको को जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा के द्वारा 2000-2000 रूपये नगद पुरूस्कार एवं उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को प्रशस्ति पत्र से पुरूस्कृत किया गया है। गौरतलब है कि चिन्हित अपराध की योजना वर्ष 2008 से सतत् रूप से मध्यप्रदेश में प्रभावशील है। ऐसे अपराध जिनके घटित होने पर क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित होता है एवं सनसनी व्यापत हो जाती है। ऐसे अपराधो को पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर के द्वारा जिला स्तरीय समिति की बैठक कर जघन्य सनसनीखेज श्रेणी मे तत्काल चिन्हित किया जाता है। जघन्य सनसनीखेज श्रेणी मे चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य यह रहता है कि ऐसे अपराध मे तत्परता से विवेचना कराई जाकर, आरोपी की गिरफतारी की जाकर, प्रत्येक बिंदु पर साक्ष्य एकत्र कर शीघ्र चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जावें एवं न्यायालय में फास्ट ट्रेक कोर्ट मे विचारण कराया जाकर, विचारण के दौरान इनमें तत्परता से गवाहों को उपस्थित कराकर अभियोजन साक्ष्य कराई जावें। जिसके फलस्वरूप प्रकरण मे शीघ्र दोषसिद्धि कराई जाकर आरोपी के द्वारा किये गये कृत्य की उसे सजा दिलाई जा सकें एवं समाज मे सुरक्षा का संदेश पहुंचे। चिन्हित अपराधों की सतत् समीक्षा जिला स्तर के साथ-साथ जोन स्तर एवं पुलिस मुख्यालय स्तर पर भी की जाकर अपराधों में सजा कराये जाने हेतु निर्देश जारी किये जाते है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन के कार्यालय स्तर पर चिन्हित अपराधों की सतत् समीक्षा की जाकर प्रतिमाह संभागीय बैठक कमिश्नर जबलपुर संभाग के साथ संपादित की जाकर चिन्हित प्रकरणों मे सजायाबी कराये जाने हेतु विवेचना संबंधी निर्देश जारी किये जा रहे हैं। वर्ष 2022 मे जबलपुर जोन कुल 58 मामलों में सजा हुई है। जिसमें से जबलपुर में 12, कटनी में 8, छिंदवाडा में 14, सिवनी में 6 एवं नरसिंहपुर में 18 चिन्हित अपराधों में न्यायालय से विचारण के पश्चात आरोपियों को आजीवन कारावास, 20 वर्ष का सश्रम कारावास, 10 वर्ष का सश्रम कारावास सहित जुर्माने इत्यादि की सजा से दंडित किया गया है।

### कटनी के ये पुलिस अधिकारी हुए सम्मानित

जोन के कटनी जिले से 6 पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया है। जिसमें उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा, तत्कालीन थाना प्रभारी बरही हाल थाना प्रभारी बड़वारा, उपनिरीक्षक पंकज शुक्ला तत्कालीन थाना कैमोर, हाल थाना माधवनगर, कार्यवाहक निरीक्षक राखी पांडे तत्कालीन महिला थाना प्रभारी, हाल थाना प्रभारी अजाक कटनी, निरीक्षक एच.आर.पांडे तत्कालीन थाना प्रभारी कैमोर, हाल जिला दमोह, कार्यवाहक निरीक्षक मंजू शर्मा, महिला थाना प्रभारी कटनी, उपनिरीक्षक मोनिका चौहान, तत्कालीन थाना बड़वारा, हाल विशेष किशोर ईकाई कटनी व उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा, थाना प्रभारी बड़वारा शामिल हैं।

# तेवरी में दो लाख की चोरी

## 9 मोबाइल, 70 हजार नगद सहित आभूषण ले गए बदमाश

**कटनी, यशभारत।** जिले के दो थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए हैं। पहली चोरी की वारदात स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के तेवरी गांव में हुई है। चोरों ने एक घर में घुसकर 9 मोबाइल, 70 हजार रुपए नगद सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर चंपत हो गए हैं। वहीं दूसरी चोरी कोतवाली के नई बस्ती क्षेत्र में दिनदहाड़े अंजाम दी गई। चोरों ने मोबाइल और दो हजार रुपए चोरी कर लिए हैं। चोरी करीब 70 हजार की है। पुलिस ने दोनो ही मामलों में चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के तेवरी गांव निवासी मनीष पिता शिवप्रसाद दुबे के घर से अज्ञात चोरों ने 9 मोबाइल, सोने-चांदी के आभूषण और 70 हजार रुपए नगद चोरी कर फरार हो गए हैं। चोरी लगभग डेढ़ से दो लाख रुपए की बताई जा रही है। पुलिस ने मनीष दुबे की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं कोतवाली के नई बस्ती क्षेत्र में रहने वाले वासू पिता राजेश कुमार गुप्ता के घर से दिनदहाड़े एक मोबाइल और पर्स में रखे दो हजार रुपए चोरी कर लिए गए। पुलिस ने वासू गुप्ता की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की तलाश में जुटी कोतवाली व स्लीमनाबाद पुलिस में से कोतवाली पुलिस को सफलता मिल गई है तथा उसने मकान में घुसकर दिनदहाड़े चोरी करने वाले बदमाश को पकड़ लिया है जबकि स्लीमनाबाद पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। फिलहाल चोरों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिले हैं।



## शपथ पत्र

मैं जयंत रैकवार पिता श्री दशरथ लाल रैकवार उम्र 32 वर्ष निवासी पर्ल सिटीए श्रीराम रेसीडेंसी के पास, गोरतरा, जिला शहडोल मप्र का निवासी हूं व शपथ पूर्वक निम्नांकित कथन करता हूं कि मुझ शपथकर्ता का ड्राइविंग लायसेस क्रमांक MP18N-2009-0002265 बना हुआ है, जिसे शहडोल आरटीओ द्वारा जारी किया गया था लेकिन उसमे मेरे पिता के नाम में त्रुटियां है। मेरे पिता का नाम DASHRATH LAL है, जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में DASRATH LAL RAIKWAR लिखा हुआ है जबकि मेरे पिता के आधार कार्ड सहित अन्य सभी दस्तवेज़ों में मेरे पिता का नाम DASHRATH LAL RAIKWAR दर्ज है। जो कि एक ही व्यक्ति के नाम हैं, जो कि सत्य व सही है। जिन्हें एक ही नाम से पढ़ा लिखा व समझा जावे। इसके अलावा ड्राइविंग लाइसेंस में नया पता पर्ल सिटी, श्रीराम रेसीडेंसी के पास, गोरतरा, जिला शहडोल मप्र किये जाने वास्ते यह शपथ पत्र नोटरी के समक्ष तस्दीक करवाकर श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**जयंत रैकवार**
**निवासी पर्ल सिटी, श्रीराम रेसीडेंसी के पास, गोरतरा, जिला शहडोल, (मप्र)**

# पति की हत्या के आरोप में जेल जा चुकी चिल्ड्रन होम में रह रही असम की किशोरी

## काउंसलिंग में हुआ खुलासा, जमानत पर रिहा होने के बाद पहुंची कटनी, चिल्ड्रन होम प्रबंधन ने किशोरी के बालिका गृह में रहने व अन्य किशोरियों की सुरक्षा को लेकर लिखा पत्र

**कटनी, यशभारत। एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम हिरवारा में संचालित लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम में असम से भटक कर कटनी पहुंची नवप्रवेशित किशोरी की काउंसलिंग में यह बात सामने आई है कि किशोरी पति की हत्या के आरोप में असम के तेजपुर जेल में थी और जमानत पर बाहर आई है।**

किशोरी की काउंसलिंग में हत्या के आरोप की बात सामने आने के बाद लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम की अन्य बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधीक्षिका दीपा बैनर्जी ने बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, महिला बाल विकास विभाग आयुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर किशोरी को चिल्ड्रन होम में आगे रखने के लिए दिशा निर्देश मांगे हैं। गौरतलब है कि असम निवासी किशोरी कटनी रेलवे स्टेशन पर 8 अगस्त को मिली थी। स्थानीय भाषा न जानने, अपने बारे में सही जानकारी न दे पाने के कारण किशोरी को चाइल्ड लाइन को पुलिस ने सौंपा था। इसके बाद बाल कल्याण समिति ने उसे लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम में भेज दिया था।

### एक दिन बाद ही खिड़की तोड़कर भागी

असम निवासी किशोरी अन्य दो किशोरियों के साथ 9-10 अगस्त की रात चिल्ड्रन होम की खिड़की तोड़कर भाग निकली थी। एक दिन बाद कटनी निवासी किशोरी को उसकी मौसी के घर व असम निवासी किशोरी को सिवनी निवासी किशोरी के साथ जबलपुर से पाटन की ओर जा रही बस से बरामद किया गया था।

### इनका कहना है

-असम निवासी किशोरी की काउंसलिंग में यह सामने आया है कि वह अपने पति की हत्या के आरोप में तेजपुर(असम) जेल में सजायाफ्ता रही है और जमानत पर बाहर आई है। संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर बालिका के गृह में रहने व अन्य किशोरियों की सुरक्षा को लेकर निर्णय लेने के लिए पत्र लिखा गया है।

**– दीपा बैनर्जी,** अधीक्षिका, लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम

असम निवासी बालिका का रेडियोलॉजी टेस्ट कराया है। एक-दो दिन में रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी। अन्य जरूरी जानकारी भी जुटाई जा रही है। अंतिम निर्णय बाल कल्याण समिति को ही लेना है।

**– नयन सिंह,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग

# रानी कमलापति से रीवा के बीच दो-दो ट्रिप और चलेगी रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन

## कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर किया जाएगा परिचालन, यात्री दबाव को नियंत्रित करने रेलवे का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** रक्षाबंधन पर्व के बाद भी ट्रेनों में यात्री दबाव कम न होने के कारण रेलवे पर्व के दौरान चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनों की अवधि में विस्तार कर रहा है। पर्व के दौरान रानी कमलापति से रीवा के बीच चलाई जा रही गाड़ी संख्या 02189/02190 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन को रेलवे ने दो-दो ट्रिप के लिए और चलाने का निर्णय लिया है।

रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 02189 रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 19 अगस्त शुक्रवार को रानी कमलापति स्टेशन से 22:15 बजे प्रस्थान कर विदिशा 23:08 बजे, अगले दिन शनिवार को बीना 00:20 बजे, सागर 01:30 बजे, दमोह 02:40 बजे, कटनी मुड़वारा 04:10 बजे, मैहर 05:35 बजे, सतना 06:15 बजे और 07:20 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 02190 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 20 अगस्त शनिवार को रीवा स्टेशन से 18:50 बजे प्रस्थान कर, सतना 19:55 बजे, मैहर 20:28 बजे, कटनी मुड़वारा 21:50 बजे, दमोह 23:28 बजे, अगले दिन रविवार को सागर 00:38 बजे, बीना 01:55 बजे, विदिशा 03:00 बजे और 04:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

### रविवार को चलेगी स्पेशल ट्रेन

इसके अलावा गाड़ी संख्या 02177/02190 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के मध्य एक-एक ट्रिप और रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 02177 रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 21 अगस्त रविवार को रानी कमलापति स्टेशन से 05:45 बजे प्रस्थान कर विदिशा 06:38 बजे, बीना 07:55 बजे, सागर 08:55 बजे, दमोह 09:55 बजे, कटनी मुड़वारा 11:55 बजे, मैहर 12:58 बजे, सतना 13:25 बजे और 15:00 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 02190 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 21 अगस्त रविवार को रीवा स्टेशन से 18:50 बजे प्रस्थान कर सतना 19:55 बजे, मैहर 20:28 बजे, कटनी मुड़वारा 21:50 बजे, दमोह 23:28 बजे, अगले दिन सोमवार को सागर 00:38 बजे, बीना 01:55 बजे, विदिशा 03:00 बजे और 04:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

### ट्रेनों की कोच पोजीशन

दोनों ही स्पेशल ट्रेनों में 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार व 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

आजादी के महापर्व पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस., डी.पी.एच.
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनमोल चौदहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
शिशु एवं नवजात रोग विशेषज्ञ

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत करहिया नं.1
जनपद पंचायत रीठी
सरपंच- देवराज लोधी
उपसरपंच- लट्टी आदिवासी
सचिव-भगवानदास लोधी
ग्राम रोजगार सहायक- शिवदयाल लोधी एवं
समस्त पंचगण

आजादी का अमृत महोत्सव
स्वतंत्रता दिवस की नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें
स्वतंत्रता दिवस की समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम वन समिति अमराडाड़

प्लाट बिकाऊ हैं
राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकरी हेतु संपर्क करें.
मो. 9993705740

a Sainik Conduct Disciplined Degree College
Time : 10:30 to 12:30 Only
B.Ed. D.Pharma LL.B. BBA
SILICOBYTE सिलिकोबाइट
KDC Katni Degree College (Group of Education)
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी. 9981435977

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)